रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-151 मूल्य 3.00 ₹

# निकाय चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी, मतगणना 15 फरवरी को

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम से किए जाएंगे मतदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का ऐलान कर दिया गया है।

चुनाव को लेकर सोमवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने तारीखों की घोषणा कर दी। पत्रकारवार्ता में राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त अजय सिंह ने तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि निकाय चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी वही मतगणना 15 फरवरी को होगी। इसके साथ ही पंचायत चुनाव तीन चरण में होगे 17,20 व 23 फरवरी को मतदान वहीं गणना सभी जगहों पर मतदान के दूसरे दिन ही कर ली जायेगी। इसी के साथ राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम व पंचायत चुनाव मतपेटी के माध्यम से होंगे। छत्तीसगढ़ में नगरीय



निकायों के अन्तर्गत 10 नगर पालिक निगम, 49 नगर पालिका परिषद 114 नगर पंचायतों में आम निर्वाचन तथा जिला दुर्ग एवं सुकमा के नगरीय निकायों के रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु 05 वार्डों में उप निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा। नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन में 22,00,525 पुरुष निर्वाचक, 22,73,232 महिला निर्वाचक, 512 अन्य निर्वाचक, कुल 44,74,269 निर्वाचक एवं उप निर्वाचन में कुल 16,181 निर्वाचक निर्वाचन में भाग लेंगे। आयोग द्वारा मतदाताओं के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार कराया गया है। मतदान के लिए आम निर्वाचन हेतु कुल मतदान केन्द्र 5,970 तथा उप निर्वाचन हेतु कुल 22 मतदान केन्द्र निर्धारित किये गये हैं, जिनमें से 1531 संवेदनशील व 132 अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433 जनपद पंचायत सदस्य के 2973 ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 एवं वार्ड (पंच) के 1,60,180 कुल 1,75,258 पदों पर वर्ष 2025 में निर्वाचन कराया जावेगा। जिसमें 78,20,202 पुरुष निर्वाचक 79,92,184 महिला निर्वाचक 194 अन्य निर्वाचक सहित कुल 1,58,12,580 निर्वाचक त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 में मतदान करेंगे। इसके लिए आयोग द्वारा मतदाताओं के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार कराया जा चुका है। पंचायत आम निर्वाचन के मतदान के लिए कुल मतदान केन्द्र 31,041 निर्धारित किये गये हैं. जिनमें से 7,128 संवेदनशील व 2,161 अतिसंवेदनशील हैं। राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों के आम/उप निर्वाचन तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन मतपेटी के माध्यम से मतदान कराये जाएंगे। मतदान के लिए 18 पहचान पत्र निर्धारित किए गए है जिसमे से मतदाता द्वारा किसी भी एक पहचान पत्र को प्रस्तुत किए जाने पर मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान की अनुमति दी जा सकेगी। यदि मतदाता किसी भी अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान अभिलिखित नहीं करना चाहता है, तो वह मतपत्र में नोटा पर अपना गत अभिलिखित कर सकेगा। इसके लिए मतपत्र में अंतिम अभ्यर्थी के पश्चात् नोटा मुद्रित किया जावेगा। अजय सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर होगे। वहीं त्रिस्तरीय पंचायतों का निर्वाचन गैरदलीय आधार पर होगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही ऐसे नगरीय निकायो तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के क्षेत्रों में जहां निर्वाचन सम्पन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू हो जायेगी।

## क्विक न्यूज

### डॉ. जयशंकर ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की।

राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक होने की रिपोर्ट के बीच डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की।

### विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें कैडेटः राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी के कैडेटों को देश के लिए अहम



बताते हुए उनसे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया है। सिंह ने दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा, कैडेट, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों, एनसीसी द्वारा उनमें विकसित किए गए 'नेतृत्व', 'अनुशासन', 'महत्वाकांक्षा' और 'देशभक्ति' के गुणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं।

### सदानंद और चौहान बहाल



**रायपुर।** बलौदाबाजार आगजनी कांड में निलंबित तत्कालीन कलेक्टर और एसपी को राज्य सरकार ने बहाल कर दिया है। दोनों अफसरों की बहाली के साथ पोस्टिंग आदेश भी जारी कर दिया गया है। तत्कालीन कलेक्टर केएल चौहान को बिलासपुर में अपर संभागीय आयुक्त के साथ सचिव राजस्व मंडल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। तो वहीं तत्कालीन एसपी सदानंद कुमार को पीएचक्यू में डीआईजी बनाया गया है।

### शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के पहले घंटों में संभावित नीतिगत घोषणाओं की प्रतीक्षा और जापान में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुख से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर विप्रो और कोटक महिंद्रा बैंक की उम्मीद से अधिक मजबूत तमाही नतीजे की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

## कोलकाता की महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपी संजय को उम्रकैद

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com




पश्चिम बंगाल में सियालदह की एक सत्र अदालत ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के अभियुक्त संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो दायर अभियोग पत्र पर प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त रॉय को दोषी करार दिया था। सीबीआई ने अदालत से इस जघन्य अपराध के लिए अदालत से आरोपी को फांसी की सजा सुनाये जाने की दलील दी थी। अदालत ने अपराह्न करीब पौने तीन बजे इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को उम्रकैद और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनायी। सीबीआई ने बिरले से बिरला मामला बताते हुए दोषी को मौत की सजा दिये जाने की अपील की थी, लेकिन अदालत ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़िता चिकित्सक के परिवार को क्षतिपूर्ति के रूप में 17 लाख दिये जाने का आदेश भी दिया। पीड़िता प्रशिक्षु स्नातकोत्तर की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और अस्पताल में प्रशिक्षु रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत थी। पिछले साल नौ अगस्त को रात्रि ड्यूटी में नागरिकों की सहायता के रूप में स्वयं सेवी के रूप में कार्यरत संजय रॉय ने एक कक्ष में अकेले पाकर पीड़िता चिकित्सक के साथ दुष्कर्म किया और जघन्य तरीके से उसकी हत्या कर दी थी।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो माओवादी ढेर, एक जवान घायल

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के पास सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए है। इसके साथ ही सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया। फिलहाल, जवान को खतरे से बाहर बताया जा रहा है। सर्च ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इनमें एक एसएलआर हथियार जब्त किये गये हैं। बताया जाता है कि सुरक्षाबलों ने सुबह साढ़े आठ बजे से कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में बड़ा ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस पुलिस की 10 टीमें संयुक्त रूप से शामिल रहीं। इसमें तीन एसओजी, दो छत्तीसगढ़ पुलिस (ई-30) और पांच सीआरपीएफ की टीमें शामिल थीं। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। गरियाबंद एसपी ने हेलीकॉप्टर की मदद से घायल जवान को रायपुर भेजा। जवानों ने ऑपरेशन के दौरान दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। दोनों का शव बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ मुहिम छेड़ा गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का संकल्प लिया है। तदानुसार राज्य में माओवादियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन जारी है। इसी कड़ी में जवानों को एक और सफलता मिली है।

## कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्यों के साथ केंद्रीय अधिकारी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्र की कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों



को राज्यों के साथ निरंतर संपर्क में रहने के निर्देश दिये हैं। चौहान ने देश में कृषि व्यवस्था की स्थिति पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में रबी की बुआई की प्रगति, मौसम की स्थिति, राष्ट्रीय कीट सर्वेक्षण प्रणाली के माध्यम से कीट सर्वेक्षण, कृषि उत्पादों के आयात और निर्यात सहित विपणन से संबंधित कई मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर राज्य सरकारों के साथ लगातार जुड़े रहें, क्योंकि जमीनी स्तर पर मुद्दों का निपटान करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों की भागीदारी की आवश्यकता होगी।



**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को विधानसभा में प्रबोधन के लिए आमंत्रण दिया। मिली जानकारी अनुसार राष्ट्रपति ने भी छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण स्वीकार किया है। संभवतः राष्ट्रपति अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में छत्तीसगढ़ आ सकती है।

## संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है : जगदीप धनखड़

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। धनखड़ यहां भारतीय विद्या भवन के परिसर में नंदलाल नुआल भारत अध्ययन केंद्र के भवन की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है। अभिव्यक्ति और संवाद लोकतंत्र के लिए मौलिक हैं। उन्होंने कहा, अगर हमें अभिव्यक्ति का अधिकार नहीं है तो हम लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकते और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संवाद का अभाव सर्वनाश कर सकता है। संवाद का अभाव लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए मृत्यु की घंटी हो सकता है। अलग-अलग दृष्टिकोणों पर विचार करना लोकतंत्र का अमृत है। लोकतंत्र भय या उपहास से मुक्त समावेशी संवाद के माध्यम से पनपता है। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय संस्कृति पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि संवाद मुद्दों को हल करने का केंद्र था। हमारे शास्त्र और इतिहास इस बात पर ज़ोर देते हैं कि संवाद संघर्षों को हल करता है और समाज को बनाए रखता है। धनखड़ ने कहा कि जब कोई सभ्यता स्वदेशी भूमि के माध्यम से अपनी जड़ों को फिर से खोजती है, तो वह न केवल जीवित रहती है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी आलोकित करती है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में विश्व शांति और सद्भाव में योगदान देना हमारी नियति में हैं।

## राहुल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही 'मानहानि' कार्यवाही पर लगाई रोक

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को कथित तौर पर 'हत्या का आरोपी' कहने के एक पुराने मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की एक निचली अदालत में चल रही मानहानि मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी की याचिका पर उन्हें यह राहत दी और झारखंड सरकार के साथ शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा, नोटिस जारी करें। अगले आदेश तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष सभी कार्यवाहियों पर रोक रहेगी। झारखंड उच्च न्यायालय ने गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने रांची की एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें मुकदमे के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील दी कि इस मामले से शिकायतकर्ता का कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति (शाह) ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने शीर्ष अदालत के पिछले फैसले का हवाला दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है।




### साय ने कहा- सभी शहीद गेंद सिंह का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें

## मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गेंदसिंह के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अमर शहीद गेंदसिंह के शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद गेंदसिंह को याद करते हुए कहा कि परलकोट जमींदारी के जमींदार शहीद गेंद सिंह ने ब्रिटिश अधिकारियों के शोषण के विरुद्ध स्वतंत्रता आंदोलन का शंखनाद किया था। शहीद गेंद सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया और अपने क्षेत्र में अंग्रेजी शासन की नीतियों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हम सभी शहीद गेंद सिंह का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें और समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। बस्तर के आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले मुक्ति आंदोलन के नायक शहीद गेंदसिंह का मातृभूमि की मुक्ति के लिए दिया गया अविस्मरणीय बलिदान हम सभी को देशसेवा के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा देते रहेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय हलबा हलबी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र महला, आई.आर. देहारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस बड़े दिल वाली पार्टी है: अशोक गहलोत

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस बड़े दिल वाली पार्टी जिसकी विचारधारा सह अस्तित्व में विश्वास करने की है। गहलोत ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस की विचारधारा भारतवर्ष की विचारधारा है जो सहअस्तित्व में विश्वास करती है। भारतीय जनता पार्टी संकीर्ण विचारधारा वाली पार्टी है जिसका काम कांग्रेस नेताओं के नाम से बने संस्थानों का नाम बदलना, देश के लिए कुर्बानी तक दे चुके कांग्रेस नेताओं को अपशब्द बोलना रह गया है। जबकि कांग्रेस बड़ा दिल रखने वाली पार्टी है। यह भाजपा और कांग्रेस की विचारधारा में बुनियादी अंतर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी जाति, धर्म, वर्ग और समुदायों को तो साथ लेकर चलती ही है साथ ही जो लोग कांग्रेस की यात्रा में कभी न कभी साथ रहे और योगदान दिया उनको पार्टी छोड़ने या विचारधारा बदलने के बाद भी सम्मान देती है। इसीलिए कांग्रेस के नए कार्यालय में उन लोगों की भी तस्वीरें लगी हैं जो अब कांग्रेस में नहीं हैं और इन्होंने निजी हित के लिए कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि इन तस्वीरों वाले कुछ नेताओं ने तो गांधी-नेहरू परिवार और स्वयं राहुल गांधी तक को अपशब्द बोलने में कसर नहीं छोड़ी। पर यह नेहरू-गांधी परिवार है जिसने राजीव गांधी की हत्या करने वालों तक को उनके बच्चों के भविष्य की खातिर माफी दे दी। इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या का गहरा जख्म हर कांग्रेसी के दिल में है। पर यह गांधी-नेहरू परिवार कभी किसी से भी द्वेष नहीं रखता है। यही राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान की विचारधारा है। दूसरी राजनीतिक पार्टियों को ये विचारधारा सीखनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि भारत के लोगों ने तो हमारी मान्यताओं से असहमति रखने वाले चार्वाक को भी महर्षि चार्वाक कहा।

हमारे ग्रन्थों में दैत्यों के गुरू शुक्राचार्य को भी महर्षि की उपाधि दी गई और उन्हें महर्षि शुक्राचार्य कहकर संबोधित किया। ऐसी ही विचारधारा कांग्रेस की है।

# पंजाब में बिजली आपूर्ति में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज: ईटीओ

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब राज्य पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) ने 19 जनवरी, 2025 तक 66,914 मिलियन यूनिट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति की है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पी.एस.पी.सी.एल. द्वारा बिजली के बुनियादी ढांचे के विकास और पंजाब के लोगों और उद्योगों की बढ़ती बिजली की मांगों को पूरा करने के लिए पी एस पी सी एल द्वारा किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। ई.टी.ओ. ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बिजली की सबसे अधिक मांग 16,058 मेगावाट को पूरा किया गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से पांच प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पी.एस.पी.सी.एल. ने पंजाब के सभी वर्गों के उपभोक्ताओं को बिना किसी बिजली कटौती के निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पी.एस.पी.सी.एल. द्वारा किये गये उचित प्रबंधन के कारण संभव हो सकी, जो निगम की विश्वसनीय बिजली आपूर्ति प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कोयला उपलब्धता के बारे में बिजली मंत्री ने बताया कि पी.एस.पी.सी.एल. नियमित और आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप तीनों सरकारी थर्मल पावर प्लांटों में कोयले का अच्छा प्रबंधन किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह थर्मल प्लांट रोपड़ में मौजूदा कोयला स्टॉक स्तर 42 दिन, गुरु हरगोबिंद थर्मल प्लांट लहिरा मुहब्बत में 28 दिन और गुरु अमरदास थर्मल प्लांट गोइंदवाल साहिब में 40 दिन है। उन्होंने कहा कि पी.एस.पी.सी.एल. आगामी सर्दी के मौसम के दौरान कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये हर संभव प्रयास कर रहा है। बिजली मंत्री ने बताया कि पछवाड़ा कोयला खदान राज्य के बिजली क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की निरंतर आपूर्ति प्रदान कर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान 19 जनवरी, 2025 तक इस खदान से 1,306 रैक के माध्यम से 56 लाख टन कोयले की आपूर्ति की गयी है।

# भाजपा सरकार से जनता को कोई फायदा नहीं हुआ: पायलट

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी सरकार के एक साल के कार्यकाल से प्रदेशवासियों को कोई खासा फायदा नहीं हुआ है। पायलट ने सिरोही जाने से पहले उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में भजनलाल सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में केवल योजनाओं को बंद करने, कई जिलों को निरस्त करने और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर पुर्नविचार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का आने वाले बजट पर कांग्रेस चाहती है कि पूरी तरह से चर्चा हो। सदन चलाने का काम सरकार का है। हम सरकार की जबावदेही तय करेंगे और सरकार को मजबूर करेंगे कि वह आम जनता के लिए काम करे। कांग्रेस विपक्ष की भूमिका मजबूती से निभायेगी। हम सदन के पटल पर एवं बाहर अपना पक्ष रखेंगें। हम सभी कार्यकर्ता एवं नेता एक परिवार की तरह से कार्य कर रहे है। पायलट ने कहा कि प्रदेश में अफसरशाही बहुत हावी है। सरकार में बहुत पावर सेक्टर बन गए हैं कि सत्तारूढ दल के जो विधायक है वे भी दर-दर भटक रहे है। सरकार की जवाबदेही तय हो इसके लिए हम विधानसभा में अपनी बात रखेंगे। दिल्ली चुनाव को लेकर पायलट ने कहा कि दिल्ली में जो सरकार है उसको दिल्ली की जनता ने कई बार मौके दिए हैं। पिछले दस से बारह सालों से केंद्र और राज्य सरकार के वर्चस्व की लड़ाई से दिल्ली के लोग पिस रहे है। इसमें कांग्रेस पार्टी बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। दिल्ली में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार थी तब जो विकास हुआ उसको जनता याद कर रही है। कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी और परिणाम अच्छे आएंगे और कांग्रेस का परफोरमेंस बेहतर रहेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हमले पर पायलट ने कहा कि हिंसा का राजनीति में कोई स्थान नहीं होना चाहिए लेकिन जनता जो जवाब मांग रही है।

# पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए हो अधिकाधिक कार्य: बागडे

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले स्थित कोपरगांव तालुका में गोदावरी खोरे सहकारी दुग्ध संघ में गोदावरी दुग्ध इकाई, दुग्ध शुद्धिकरण मशीन, कर्मचारी निवास के लिए भवन का शिलान्यास एवं 1.5 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट से विद्युतीकरण का लोकार्पण किया। बागडे ने इस दौरान वहां पर कर्मचारियों के लिए एटीएम मशीन के अंतर्गत बीमा पत्रों का भी वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए सबको मिलकर कार्य करने की जरुरत बताते हुए कहा कि दुग्ध संघों द्वारा दुग्ध उत्पादन के साथ उसका प्रभावी वितरण और उससे पशुपालकों को कैसे अधिकाधिक लाभ मिले, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने गोदावरी खोरे सहकारी दुग्ध संघ को स्थानीय दुग्ध उत्पादकों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सहकारी आंदोलन के तहत स्थानीय पशुपालकों के लिए यह उपक्रम निरंतर लाभकारक रहा है।

उन्होंने दुग्ध उत्पादक किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए गोदावरी खोरे सहकारी दुग्ध संघ द्वारा पशु रोग निदान और पशु संचार जैसी गतिविधियों को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दुग्ध संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से दूध एकत्र कर उसका प्रभावी वितरण करने के साथ ही दुध से जुड़े उत्पादों की पैकेजिंग और डेयरी आंदोलन के जरिए पशुपालकों का विकास हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए।

# देश-विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग्स के सबसे बड़े केंद्र के रूप में उभरा राजस्थान

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का राज्य को प्रमुख पर्यटन स्थल एवं वैश्विक डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रुप में विकसित करने के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं और इस कारण राजस्थान अब केवल देशी सैलानियों का ही नहीं बल्कि फिल्मी सितारों एवं विदेशी हस्तियों के लिए भी डेस्टिनेशन वेडिंग का आदर्श स्थल बनकर उभरा है वहीं इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) 2025 के होने वाले आयोजन से राज्य के पर्यटन और फिल्म उद्योग को नई पहचान मिलेगी। राजस्थान अपनी विरासतों, धरोहरों, किलों, महलों, और ऐतिहासिक हवेलियों के लिए प्रसिद्ध है और अब यह देश-विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग्स के सबसे बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां की ऐतिहासिक सुंदरता और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में हो रही शादियां हर एक राजसी अनुभव देती हैं। यहां डेस्टिनेशन वेडिंग शादियों को परी कथाओं जैसा स्वरूप प्रदान करती हैं। पिछले कई वर्षों से लगातार राजस्थान को अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन अवार्ड मिल रहे हैं। पर्यटन सचिव रवि जैन के अनुसार राजस्थान पर्यटन विभाग ने प्रसिद्ध डेस्टिनेशन वेडिंग स्थानों के साथ राज्य के अन्य जिलों में स्थित हैरिटेज स्थलों को भी डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपनी विरासत एवं धरोहरों और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं के संगम से एक ऐसा स्थान बन गया है जो डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए आदर्श बन चुका है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में राज्य पर्यटन क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है जहां परंपराओं के साथ आधुनिकता का समावेश है। रवि जैन ने कहा कि केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से देश के पहले वेड इन इंडिया एक्सपो का आयोजन भी जयपुर में किया गया, जिसमें 16 अन्तरराष्ट्रीय एवं 50 डोमेस्टिक वेडिंग प्लानर्स द्वारा भाग लिया गया। दिया कुमारी का विजन है कि राज्य को न केवल एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, बल्कि इसे एक वैश्विक डेस्टिनेशन वेडिंग हब भी बनाया जाए। उनका मानना है कि यदि राज्य के पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं वैश्विक मानकों के अनुसार होंगी।

# धामी ने की अमरीक अजनाला द्वारा जत्थेदारों के खिलाफ दिये बयान की निंदा की

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने अमरीक सिंह अजनाला द्वारा तख्त साहिबों के जत्थेदारों के पुतले जलाने और उनके खिलाफ बयानबाजी की निंदा की है। एडवोकेट धामी ने कहा कि तख्तों के जत्थेदारों का सिख समुदाय में बहुत सम्मान है और किसी को भी उनके बारे में कोई भी गलत बयान देने से पहले अच्छी तरह सोच लेना चाहिये। किसी को भी सिख समुदाय के सर्वोच्च स्थानों और प्रतिष्ठित हस्तियों का अनादर करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इस बीच, धामी ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि ये नतीजे संगत की ओर से उन लोगों को आइना दिखाने जैसा है जो सरकारों के हाथों में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलजीत सिंह दादूवाल सहित सरकारी कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को संगत द्वारा अस्वीकार किया जाना इस बात का प्रतीक है कि गुरु के सिख गुरुद्वारों के प्रबंधन में सरकारी हस्तक्षेप कभी बर्दाश्त नहीं करते।



## सिंह ने उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने पर दिया जोर

**अमृतसर।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय (जीएनडीयु) के कुलपति के रूप में अपनी पहली सीनेट बैठक में प्रो. करमजीत सिंह ने उच्च शिक्षा को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और रोजगारोन्मुखी बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को व्यावहारिक कौशल से लैस करना और शिक्षा को सीधे रोजगार से जोड़ना उन्हें रोजगार सुरक्षित करने या सृजन करने के लिए सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व जिनका निधन हो गया, के सम्मान में एक क्षण के मौन के साथ हुई। सीनेट सदस्यों ने प्रो सिंह को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। अपने संबोधन के दौरान प्रो. सिंह ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की एक महत्वपूर्ण पहल 'सुरजीत पातर सेंटर फॉर एथिकल एआई' की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रौद्योगिकी के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में नैतिक मूल्यों को बनाए रखेगा। प्रो सिंह ने सिद्धांत और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के बीच अंतर को पाटने के लिए व्यावहारिक और अनुप्रयोग-केंद्रित ऑनलाइन शिक्षा पर जोर देते हुए नौकरी-उन्मुख डिग्री की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# सिंह ने उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने पर दिया जोर

एजेंसी ➤ अमृतसर
www.dailypioneer.com

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपनी पहली सीनेट बैठक में प्रो. करमजीत सिंह ने उच्च शिक्षा को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और रोजगारोन्मुखी बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को व्यावहारिक कौशल से लैस करना और शिक्षा को सीधे रोजगार से जोड़ना उन्हें रोजगार सुरक्षित करने या सृजन करने के लिए सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व जिनका निधन हो गया, के सम्मान में एक क्षण के मौन के साथ हुई। सीनेट सदस्यों ने प्रो सिंह को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। अपने संबोधन के दौरान प्रो. सिंह ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की एक महत्वपूर्ण पहल 'सुरजीत पातर सेंटर फॉर एथिकल एआई' की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रौद्योगिकी के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में नैतिक मूल्यों को बनाए रखेगा। प्रो सिंह ने सिद्धांत और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के बीच अंतर को पाटने के लिए व्यावहारिक और अनुप्रयोग-केंद्रित ऑनलाइन शिक्षा पर जोर देते हुए नौकरी-उन्मुख डिग्री की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# धनवा गांव में 2200 साल पुरानी रंगकालीन सभ्यता के अवशेष मिले

एजेंसी ➤ जैसलमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में जैसलमेर से 18 किलोमीटर दूर पालीवाल ब्रह्मीणो के परित्याग गांव धनवा के पास पुरातात्विक विदों की रिसर्चर टीम को करीब 2200 साल पुरानी रंगकालीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं। यह सभ्यता राजस्थान विश्वविद्यालय के शोधार्थी दिलीप कुमार माली एवं जैसलमेर के जाने माने इतिहासकार पार्थ जगाणी को मिली है। जिसकी पुष्टि राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं पुरातत्वविद डॉ तमेघ पंवार एवं सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर के पुरातत्वविद प्रोफेसर जीवन सिंह खरकवाल आदि अन्य विसेसग्यो ने की है, द्वितीय शताब्दी ईस्वी पूर्व से लगाकर तृतीय शताब्दी ईस्वी पूर्व तक जिसमे मौर्यकालीन का पतन व कुषाण कालीन की शुरुआत के मृदभांड, मटकियों के टुकड़े, रसोई में काम आने वाले बर्तनों का अवशेष घटनास्थल से मिले है। इस पूरे मामले में शोधार्थी दिलीप कुमार माली ने बताया कि वे इन दिनों राजस्थान यूनिवर्सिटी में पुरातात्विक विषय पर शोध कर रहे है। उन्होंने बताया कि घनवा गांव के पास लगभग 20 गुणा 5 मीटर का एक छोटा सा टीबा है जहां से द्वितीय शताब्दी ईस्वी पूर्व से लगाकर तृतीय शताब्दी ईस्वी पूर्व तक के मृदभांड एवं अन्य महत्वपूर्ण अवशेष चारो ओर बिखरे मिले है। जिसके संबंध में हाल ही में राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं पुरातत्वविद डॉ तमेघ पंवार द्वारा इस टीले का दौरा किया गया एवं यहां से कुछ चयनित नमूने लेकर इस सभ्यता को प्रमाणित किया गया है।

# शिअद ने सदस्यता अभियान शुरू किया

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पूर्व मुख्यमंत्री परकाश सिंह बादल की 'कर्मभूमि' से पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत की, जिसमें वरिष्ठ नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने बादल गांव में दस रुपये नकद जमा कराने के बाद सदस्यता पर्ची प्राप्त की है। अकाली दल के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने पार्टी मुख्यालय से सदस्यता अभियान की शुरूआत वरिष्ठ नेता महेशइंदर सिंह ग्रेवाल और सुच्चा सिंह लंगाह को मैंबरशीप प्रतियां सौंपकर की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सदस्यता प्रतियां लेने के लिए मुख्य कार्यालय आए। प्रतियां राज्य भर में भेजी जा रही हैं। भूंदड़ ने कहा कि राज्य भर में सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिला है और मोहाली, पटियाला, संगरूर और फरीदकोट के अलावा अन्य स्थानों पर भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए। हजारों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता के लिए दस रूपये जमा करके फॉर्म भरे। बादल गांव में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुखबीर सिंह बादल ने कहा,''पहले ही दिन ही प्रतिक्रिया शानदार रही है। हमें उम्मीद है कि अकेले लंबी हलके से 40 हजार से ज्यादा लोग सदस्य बनेंगें। मुझे पूरा विश्वास है कि एक महीने के अभियान के तहत पार्टी करीब 50 लाख के करीब सदस्यों को जोड़ने में सक्षम होगी। भूंदड़ ने बताया कि आज पार्टी की संसदीय बोर्ड की मीटिंग भी हुई, जिसमें पूरी प्रक्रिया पर चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि मुख्य चुनाव अधिकारी गुलजार सिंह रणीके पहले से नियुक्त ऑब्जर्वरों के परामर्श से पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगें। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं कि पूरा अभियान पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से चलाया जाए। नेता डॉ. चीमा ने कहा कि यह फैसला किया गया है कि यह मुहिम 20 फरवरी तक जारी रहेगी और पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव एक मार्च को होगा। उन्होने बताया कि 100 सदस्यों को नामांकित करने वाले सभी सदस्य सर्कल प्रतिनिधि बनने के पात्र होंगें और वे इसके बाद सर्कल जत्थेदारों का चुनाव करेंगें। करीब 2500 प्रतिनिधियों को नामांकित करने वाले सभी लोग जिला डेलीगेट बनेंगें और जिला जत्थेदारों को चुनने की जिम्मेदारी जिला डेलीगेटस की होगी। उन्होने यह भी घोषणा की कि प्रत्येक हलके से चार प्रतिनिधि नामित होंगें जो सामान्य सदन का गठन करेंगें।

# अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 62 गौवंश के साथ तीन गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बलकवाड़ा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 62 गौवंश के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। खरगोन के पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि एक सूचना पर रविवार को खलटाका पुलिस चौकी के सामने बेरीकैटिंग की गई और एक कंटेनर को रोका गया। उसमें दो पोर्शन में महाराष्ट्र के कत्लखानों की ओर क्रूरता पूर्वक परिवहन किये जा रहे 62 गौवंश को बरामद किया गया। इस मामले में मंदसौर जिले के मंजूर मुल्तानी मुजफ्फर मुल्तानी और कालू खान को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों के गौवंश के अवैध परिवहन को लेकर पूर्व में भी प्रकरण दर्ज हैं।



# प्राचीन भारत के मंदिर ज्ञान-विज्ञान के केंद्र: प्रो.रावल

एजेंसी ➤ दरभंगा
www.dailypioneer.com



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक प्रो. धनन्जय रावल ने प्राचीन भारत के मंदिरों को ज्ञान-विज्ञान के केंद्र बताते हुए आज कहा कि इनका निर्माण वैज्ञानिक पद्धति से हुआ है और इनमें कई विज्ञानी रहस्य छुपे हैं जिन्हें गहन अध्ययन के जरिए जाना जा सकता है। प्रो. रावल ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग एवं डॉ. प्रभात दास फाउण्डेशन तथा मिथिला विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्राचीन भारतीय मंदिर विज्ञान का केंद्र विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को ऑनलाइन संबोधन करते हुए कहा कि भारतीय मंदिर आमलोगों को विज्ञान सीखाने का जरिया रहा है। हवा में झूलते स्तंभ, गुबंद, उड़ती मूर्तियां, बिना नींव के मंदिर आदि वैज्ञानिक सूत्रों के सहारे निर्मित है। प्रो.रावल ने कई उदाहरण देते हुए बताया कि कोणार्क सूर्य मंदिर अपनी अद्वितीय वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। इसकी दीवारें-स्तंभ सूर्य की किरणों को विशेष तरीके से प्रतिबिंबित करते हैं। इस मंदिर के स्तंभों में ज्यामितीय आकारों का उपयोग किया गया है। जो गणित के सिद्धांतों को दर्शाते हैं। केरल के सबरीमाला मंदिर,मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिर आदि में छुपे वैज्ञानिक रहस्यों के बारे में बताया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रो. सोनू रामा शंकर ने बताया कि मंदिरों का निर्माण यूं ही नहीं कराया है। अधिकतर मंदिर किसी ना किसी राजा-महाराजा के जय-पराजय से जुड़े हैं। दरभंगा का श्यामा मंदिर भी राज परिवार से जुड़ा है। जिसका निर्माण दरभंगा राज परिवार के सदस्यों की चिता पर हुआ है। उन्होंने बताया कि असल में प्रकाश, चुंबकीय शक्ति और ज्यामिति सूत्रों का इस्तेमाल कर मंदिरों का निर्माण कराया गया है। यही वजह है कि कई मंदिरों में सूर्य की रोशनी से समय, ऋतु, ग्रह-नक्षत्र की दशा आदि ज्ञात होती हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम मोहन मिश्रा ने बताया कि मंदिरों के निर्माता वास्तुकार असल में इंजीनियर थे। जिन्हें विज्ञान के साथ ही अन्य विषयों की जानकारी थी। शायद यही वजह है कि एक ही पत्थर या पहाड़ काट मंदिर कैसे बना, जब आधुनिक उपकरण नहीं थे तो पत्थर कैसे काटा गया, मंदिरों के रंग क्यों खराब नहीं हुए जैसे रहस्य आज भी अनझुलसे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर विज्ञान के केंद्र रहे हैं।

# दस करोड़ का ब्राउन शुगर बरामद

**भागलपुर।** बिहार में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान नार्कोस के तहत करीब दस करोड़ रुपये मूल्य का ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल के समादेष्टा असीम कुल्लू ने सोमवार को यहां बताया कि किसी ट्रेन से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थों को कटिहार ले जाने की सूचना पर आरपीएफने स्थानीय राजकीय रेल पुलिस के सहयोग से 13034 कटिहार- हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन में तलाशी के दौरान एक जेनरल बोगी से 2.115 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया। उन्होंने बताया कि मौके पर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले का रहने वाला है। कुल्लू ने बताया कि जीआरपी ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया है। वहीं, जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब दस करोड़ रुपए बताई गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत मालदा मंडल के अलग-अलग स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में रेल यात्रियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने और मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम के लिए रेलवे सुरक्षा बल 24 घंटे मुस्तैद हैं।

# विजयेंद्र ने कर्नाटक में गायों के मांस काटने को लेकर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला

एजेंसी ➤ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने राज्य में गायों के शवों को क्षत-विक्षत करने की हालिया घटनाओं को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे 'जघन्य त्रासदी' और कर्नाटक की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का अपमान करार दिया। विजयेंद्र ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में जानवरों के प्रति क्रूरता के चौंकाने वाले कृत्यों की निंदा की, जिसमें बेंगलुरु के चामराजपेट में थन को बेरहमी से काटना, नंजनगुड में पूंछ काटना और होन्नावर में सबसे हालिया भयावह घटना शामिल है, जहां एक गर्भवती गाय को बेरहमी से काटना शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारी कन्नड़ भूमि में, गायों की सुरक्षा, हमारे धार्मिक मूल्यों के संरक्षण, हमारी संस्कृति की सुरक्षा और लाखों लोगों की भावनाओं की सुरक्षा के लिए पूजनीय है, इन भयानक कृत्यों को बख्शा नहीं जा सकता है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए हिंसा के लिए अपराधियों की राक्षसी मानसिकता को जिम्मेदार ठहराया। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष ने गाय सुरक्षा के प्रति उदासीनता के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की और दावा किया कि सरकार के सत्ता में आने के बाद से, इस तरह के अत्याचारों के लिए जिम्मेदार लोगों का हौसला बढ़ गया है। उन्होंने इसके लिए सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया और चेतावनी दा कि अगर इस कृत्य के पीछे के लोगों और उनका समर्थन करने वाली ताकतों के खिलाफ त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

# शैक्षणिक भ्रमण से लौट रही बस हादसे की शिकार

## बस चालक और एक शिक्षक की हुई मौत, 30 छात्र घायल



### कलेक्टर ने घायल स्कूली बच्चों का जाना हालचाल

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल मोहला मानपुर जिले के स्कूली बच्चों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से बच्चों के मेडिकल जांच रिपोर्ट की जानकारी ली और सीएमएचओ को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चार बच्चों की स्थिति को देखते हुए उन्हें चिकित्सकों की टीम के साथ शीघ्र रायपुर रेफर के लिए निर्देश दिए।

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव नगर के चिखलपुट्टी मार्ग के नया बस्टैण्ड पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें बस चालक और एक शिक्षक की मौत हो गई और 30 छात्र घायल हो गए। यह बस एजुकेशनल टूर से लौट रही स्कूली बच्चों से भरी बस और ट्रक की नगर भीषण टक्कर हो गई। हादसा नेशनल हाइवे 30 पर कोंडागांव सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिकलपुटी में नया बस स्टैंड के सामने सोमवार सुबह लगभग 3 से 4 बजे के बीच हुआ। जानकारी के अनुसार जिला मोहला मानपुर के केवाटोला प्राथमिक और मध्यमिक शाला के छात्र और शिक्षक तीरथगढ़, चित्रकूट, दंतेवाड़ा और बारसूर का टूर कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-30 पर हादसा हो गया। इस दुर्घटना में घायल सभी 30 छात्रों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर बनी हुई है। 13 वर्षीय घायल कल्पना साहू को रायपुर रेफर किया गया है।

### घायल बच्चों का अस्पताल में इलाज जारी

इस घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में घायल बच्चों का इलाज जारी है।

### 13 से 15 साल के छात्र घायल हैं

पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्कूल प्रशासन ने घायल छात्रों के परिजनों को सूचित कर दिया है। सभी घायलों की उम्र 13 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है। मृतकों में शिक्षक राजकुमार भूआर्य और बस चालक दिलीप राजपूत शामिल हैं। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे में घायल छात्रों के नाम इधर, घायलों में भूमिका साहू, चंद्रमुखी, गिरजा बाई, संध्या, महिमा, वैशाली, गिरजा विश्वकर्मा, टिंकल साहू, विकेश काटेंद्र, धनंजय गठिया, कुंदन साहू, पायल साहू, पूर्णिमा साहू, रेणुका साहू, दिलीप कुमार, हेमंत कुमार, बलवंत राम, प्रीतम, अनिल पड़ोसी, वीर प्रताप, अनिल बघेल, भीराव, उमेश्वरी, कोकिला, खुशबू, लोकता, लेना हिरवानी, अमरलाल आदि शामिल हैं, जिनका इलाज कोंडागांव जिला अस्पताल में जारी है।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालिका को किया गया बरामद



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ऑपरेशन मुश्कान के तहत थाना भानुप्रतापपुर के गुम बालिका को दस्तयाब किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल एवं प्रशांत पैकरा के मार्गदर्शन में थाना भानुप्रतापपुर में गुम बालिका के लिए टीम गठित कर थाने में पंजीबद्ध गुम बालिका का खोजबीन हेतु कोरबा टीम रवाना किया गया था जहाँ गुम बालिका को खल्लारी निवासी विवेक बघेल के कब्जे से बरामद किया गया नाबालिक बालिका को आरोपी के द्वारा शादी का झांसा देकर भगाकर ले गया था जिसे कोरबा के दीपका क्षेत्र से बरामद किया गया आरोपी के द्वारा नाबालिक जानते हुए भी शादी का झांसा देकर भगा ले गया था और नाबालिक जानते हुए भी उसके साथ दुष्कर्म किया जिसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी विवेक बघेल पिता शंकर बघेल उम्र 19 वर्ष पता खल्लारी जिला बालोद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# सुपर बाजार के अव्यवस्थित संचालन को लेकर इंटक यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

मेटल माईस वर्कर्स यूनियन (इंटक) यूनियन के तत्वाधान में अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए के सिंह के मार्गदर्शन में यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, आम सदस्य, ठेका श्रमिक ,सुरक्षा कर्मी के द्वारा सोमवार किरंदुल शहर में संचालित सुपर बाजार के अध्यक्ष के द्वारा की जा रही अनियमितता के खिलाफ तथा सुपर बाजार की अव्यवस्थित संचालन के खिलाफ सुपर बाजार प्रबंधन के विरोध में यूनियन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किये। साथ ही सुपर बाजार में काउंटर बढ़ाना, शेयर होल्डर को उसका हक देना,पूर्व की भांति सब्जी और फल तथा ग्राहक के मांग अनुसार और घरेलू जरूरत के अन्य सामाग्री आदि का कांउटर सुविधा सुपरमार्केट में चालू करना,सुपर बाजार का रेट अन्य बाजार की तुलना में कम करना,महिला और पुरुष के लिए शौचालय की सही व्यवस्था करना,गुणवत्ता वाले सामान की उपलब्धता हमेशा बनाए रखना,शेयर होल्डर को सालाना गिफ्ट प्रदान करना एवम अन्य मांगें रखी गई।

# भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे : जतिन जायसवाल

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बीजापुर में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जगदलपुर के पूर्व महापौर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता जतिन जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ओबीसी के आरक्षण को बहाल करे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों में भाजपा सरकार के द्वारा कराये गये वर्तमान आरक्षण प्रक्रिया के चलते प्रदेश में ओबीसी वर्ग का नुकसान हुआ है। इसलिए भाजपा सरकार आरक्षण को रद्द कर फिर से आरक्षण कराये और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे, इसके लिये अध्यादेश लाना पड़े तो लाया जाये। विधानसभा की विशेष सत्र बुलाना पड़े, तो बुलाया जाये लेकिन ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल किया जाये। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी सीट ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी ओबीसी वर्ग के आरक्षण में कटौती हो गयी है। कांग्रेस सरकार के समय 2019-20 में प्रदेश में जब जिलों की संख्या 27 थी तब अनुसूचित जनजाति के लिये 13, अनुसूचित जाति के लिये 3 ओबीसी के लिये 7 तथा सामान्य वर्ग के लिये 4 जिला पंचायत सीटें आरक्षित थी, भाजपा सरकार ने षड़यंत्रपूर्वक इसमें कटौती किया। अब जिलों की संख्या 33 हो गयी लेकिन ओबीसी का आरक्षण 7 से घटकर शून्य हो गया। प्रदेश के सभी जिला पंचायत एवं जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। भाजपा की साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले, शहर और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो गया है। जतिन जायसवाल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने ÷पहले ओबीसी को धोखा दिया, अब सामान्य वर्ग को ठगने जा रही÷। जब पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध हो रहा है तब कह रहे कि अनारक्षित वर्ग की आधा सीटों में पिछड़ा वर्ग को लड़ायेंगे। पहले तो पिछड़ों के संवैधानिक अधिकार में डाका डाला, अब जले पर नमक छिड़क रहे। जतिन जायसवाल ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि अनारक्षित सीटों में तो सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी कोई भी लड़ सकता है और जहां पर जैसी परिस्थिति होती है लोग लड़ते भी है, इसमें भाजपा क्या अहसान कर रही? जतिन जायसवाल ने कहा कि ओबीसी वर्ग को भाजपा का अहसान नहीं बाबा साहब के संविधान के द्वारा दिया गया आरक्षण का अधिकार चाहिये।

# स्काउट गाइड व रेंजर इकाई द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल में रात्रि शिविर का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्काउट - गाइड व रेंजर इकाई द्वारा एक रात्रि शिविर का आयोजन दिनांक 18 जनवरी से 19 जनवरी तक किया गया।जिसका समापन रविवार हुआ। इस शिविर में 69 बच्चों ने भाग लिया। रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव व स्काउट कैप्टन नारायण प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें बच्चों ने ध्वजारोहण करने के बाद टैंट का निर्माण किया,खाने की व्यवस्था की,शाम को कैंप फायर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों द्वारा की गई। प्राचार्य पीएल वर्मा ने कैंप के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। अनामिका एक्का गाइड कप्तान ने बतायी कि हम एक शिविर में क्या-क्या सीख सकते है।इस आयोजन में बच्चों ने सीखा की कैसे हमें मिल कर कार्य करना है, एक दूसरे की मदद करना है, व कठिन परिस्थिति में कैसे रहा जा सकता है।

### महाराष्ट्र में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में जिले की ममता नेताम ने जीता रजत पदक



**कोंडागांव।** 18 जनवरी से 21 जनवरी तक सब जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता महाराष्ट्र (पुणे) में आयोजित किया गया। जिसमें कोंडागांव जिले के 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा जूडो में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों में से 3 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से ममता नेताम द्वारा जूडो प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये रजत पदक प्राप्त किया। उप महानिरीक्षक के मार्गदर्शन व सेनानी 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के अथक प्रयासों के तहत जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी स्तर पर लगातार चलाये जा रहे है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इन प्रयासों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है।

# श्री राघव मंदिर किरंदुल में अखण्ड रामायण पाठ का होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर की सुख शांति समृद्धि एवं मंगलकामनाओं के उद्देश्य से विगत वर्ष से लगातार प्रत्येक मंगलवार को श्री रामचरितमानस सुंदरकांड का सामुहिक पाठ, श्री राघव मंदिर परिसर में किया जा रहा है जिसके उपलक्ष्य में दिनांक 21 जनवरी (माघ कृष्ण पक्ष तिथि सप्तमी ) दिन मंगलवार को एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ किया जायेगा।जिसका प्रारंभ मंगलवार प्रातः 10 बजे से और दिनांक 22 जनवरी (माघ कृष्ण पक्ष तिथि अष्टमी)दिन बुधवार को सुबह 10 बजे समापन,हवन यज्ञ पूर्णाहूति एवं भोग प्रसाद के साथ किया जाएगा।प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा सोमवार उक्त जानकारी दी गई।

## मेनू चार्ट केवल शोपीस आधे पेट चटनी, भात से भूख मिटाने की कोशिश कर रहे छात्रावास के आदिवासी बच्चे

# आखिर कौन सेंधमारी कर रहा हैं इन आदिवासी बच्चों के निवाले पर

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आदिवासी विभाग की ओर से संचालित आवासीय छात्रावासों में अनियमितता रुकने का नाम ही नहीं ले रही है जिले से महज 12 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगा दहीकोंगा स्थित कस्तूरबा गांधी बालक आवासीय छात्रावास की असुविधा व अव्यवस्था सुधारने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। पालकों से लगातार मिल रही शिकायत पर वास्तविक स्थिति जानने जब पत्रकार शनिवार शाम दहीकोंगा बालक छात्रावास पहुंचे तो वहां का नजारा अत्यंत पीड़ा दायक था, बच्चे अपने कमरो में अनमने ढंग से शाम का भोजन कर रहे थे, छात्रावास पहुंच हमने अधीक्षक महोदय से आग्रह किया कि, हम बच्चों से मिलना चाहते हैं जैसे ही हम अधीक्षक के साथ छात्रों से रूबरू हुए और छात्रावासी बच्चो से जब हम जानकारी लेने लगे तो बच्चे सहमे व डरे-डरे नजर आए वे बार-बार अधीक्षक के चेहरे को देखने लगे थे हमने अधीक्षक से बच्चों से अकेले में बात करने की गुजारिश की जीसके बाद बच्चों ने अपनी व्यथा व पीड़ा हमारे सामने बया कर दी बच्चों ने कहा कि, उन्हें आधे पेट भोजन दिया जाता हैं व दूसरी बार मांगने पर अधीक्षक वह उनकी पत्नी दुर्व्यवहार करते हैं। मेश का पूरा संचालन अधीक्षक की पत्नी ने अपने हाथों में रखा है कभी-कभार ही मौसमी सब्जी खाने को दिया जाता है व केवल दाल चावल ही रोज परोसा जाता है वह भी आधे पेट, वहीं शनिवार शाम को भी टमाटर रस्सा और चावल परोसा गया था बच्चों की पीड़ा ने आश्रम व छात्रावासों की पोल खोल कर रख दी जब राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे छात्रावास की यह दुर्दशा है तो अंदरूनी क्षेत्र के हॉस्टल -छात्रावासो का संचालन किस प्रकार से किया जाता होगा यह कल्पना किया जा सकता है।

### मेनू चार्ट का पालन करना तो दूर, भरपेट भोजन भी नसीब नहीं हो रहा आदिवासी छात्रों को

बच्चों ने छात्रावास में पदस्थ अधीक्षक सोनसिंग पोयाम पर दैनिक उपयोग का सामान न देने और मानसिक प्रताड़ना करने का आरोप लगाया हैं इसके साथ ही मेन्यू के अनुसार भोजन मुहैया न कराने व आधे पेट भोजन देने की बात भी छात्रों ने कही है, छात्रों ने कहा कि, अधीक्षक व उनकी पत्नी भोजन के दौरान दुर्व्यवहार करते हैं वह आधा पेट भोजन देते हैं व दोबारा भोजन मांगने पर उल्टी सीधी गलियां देते हैं, हालांकि मेनू चार्ट सुंदर अक्षरों में लिखकर छात्रावास के दीवाल पर टाँगा गया है, जिसमें अचार पापड़ सलाद वह मौसमी सब्जी बच्चों को देने की बात कही गई है लेकिन यह केवल एक झुटी दिलासा है। ग्राम सरपंच सनाय नेताम व आस-पास के ग्रामीणों ने कहा कि यहां लंबे समय से हॉस्टल में अवस्था की शिकायत है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, पूर्व सरपंच वह जनप्रतिनिधि प्रेम नेम ने कहा कि उन्होंने कई बार अधीक्षक को समझाइस दी है लेकिन वे सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं वहीं उन्होंने अब लिखित में उच्च अधिकारियों को अधीक्षक की शिकायत करने की बात कही है।

# कोंडागांव विधायक ने ग्राम पंचायतों में कराई कई कार्यों की स्वीकृति



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव की विधायक बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने जिले के ग्राम नेवता, बफना, इंदागांव, लेमड़ी, खड़का, जोन्द्राबेड़ा, मरवाबेड़ा, फरसगांव, मालगांव, मोहनबेड़ा, फूकागिरोला में सीसी रोड़, पुलिया, आंगनबाड़ी, बाउंड्रीवाल की स्वीकृति प्रदान की हैं। जिसका भूमिपूजन उत्तर मंडल के प्रभारी जितेंद्र सुराना, उतर मंडल के अध्यक्ष धन्जू मरकाम, पूर्व अध्यक्ष मीनू कोर्राम, नंदलाल राठौर, प्रकाश तिवार की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सभी ग्रामवासी ने विधायक लता उसेंडी का आभार व्यक्त किया।

# अंबुजा सीमेंट की चूना पत्थर खदान के विस्तार के लिए हुई जनसुनवाई

## क्षमता विस्तार से स्थानीय रोजगार, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे में होगा व्यापक सुधार

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






अंबुजा सीमेंट की चुना पत्थर खदान के विस्तार हेतु पर्यावरण स्वीकृति के संबंध में आयोजित जनसुनवाई सोमवार को ग्राम मोपर के शासकीय हाई स्कूल में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में आए 99% लोगों ने परियोजना का समर्थन किया। उपस्थित ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र में रोजगार, बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने वाली पहल के रूप में सराहा। जनसुनवाई का संचालन पीठासीन अधिकारी दीप्ति गौते- अतिरिक्त जिला कलेक्टर, बलौदाबाजार, अभिषेक गुप्ता - अतिरिक्त जिला कलेक्टर, भाटापारा और क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी पी. के. रबड़े की उपस्थिति में किया गया। इसमें सैकड़ों स्थानीय निवासियों, समुदायिक प्रतिनिधियों, और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जनसुनवाई में प्रस्तुत पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट और पर्यावरण प्रबंधन योजना के अनुसार, खदान की उत्पादन क्षमता को 2 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 6.3 मिलियन टन प्रति वर्ष करने का प्रस्ताव है। खदान का विस्तार बोईरडीह, कर्मडीह, मालदी, मोपर, और देवरानी के क्षेत्रों में होगा, जो कुल 553.656 हेक्टेयर में फैला है। इस परियोजना के तहत मौजूदा क्रशर के साथ 1800 टन प्रति घंटा क्षमता के एक नए क्रशर की स्थापना की जाएगी, जिससे कुल उत्खनन 11.02 मिलियन टन प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगा।

**स्थानीय समुदाय का पूर्ण समर्थन :** महिलाओं ने अंबुजा फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों की सराहना की, जबकि युवाओं और बुजुर्गों ने रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर बढ़ने की उम्मीद जताई।

**माइन्स हेड मनोज शंकर सिंह ने बताया :** अंबुजा सीमेंट के माइन्स हेड मनोज शंकर सिंह ने उपस्थित जनता को बताया कि इस परियोजना से खदान से सटे गांवों में युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी के कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से ई-वाहन मरम्मत, तकनीकी प्रशिक्षण, और रोजगारोन्मुख स्किल्स प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अंबुजा फाउंडेशन महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देगा, जिसके अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों, सात्रह्य के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। इन पहलों से महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके अलावा, टिकाऊ कृषि तकनीकों, सड़क सुधार, और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**अंबुजा सीमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति :** इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें प्रतीक पांडेय - हेड, कॉर्पोरेट अफेयर्स, वैभव दीक्षित सीएमओ, मनोज शंकर सिंह माइंस हेड, और पुष्कर चौधरी- एचआर हेड उपस्थित थे। इनके साथ ही एचआर, एडमिन, सीएसआर, लैंड एवं लाइजन टीम के सदस्य भी मौजूद थे। अधिकारियों ने विस्तार परियोजना के लाभ और कंपनी की सामाजिक और पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं के बारे में जानकारी साझा की।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तिथि घोषित

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम क़ी घोषणा क़ी गई।नगरीय निकाय एक तथा पंचायत चुनाव 3 चरणों में होगी। इसके साथ ही प्रदेश सहित बलौदाबाजार - भाटापारा जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने सभी अधिकारी- कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता क़ा अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों में 22 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से निर्वाचन क़ी अधिसूचना क़ा प्रकशन, स्थानों के आरक्षण के सबंध में सूचना प्रकाशन, मतदान केंद्रों क़ी सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन प्राप्त करने क़ी अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 है। नाम निर्देशन पत्रों क़ी संवीक्षा 29 जनवरी को होगी।31जनवरी 2025 को अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों क़ी सूची तैयार करना, प्रकाशन और निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन होगा। मतदान 11 फ़रवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामो क़ी घोषणा 15 फ़रवरी 2025 को होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए 27 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से निर्वाचन क़ी अधिसूचना क़ा प्रकशन, स्थानों के आरक्षण के सबंध में सूचना प्रकाशन, मतदान केंद्रों क़ी सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन प्राप्त करने क़ी अंतिम तिथि 3 फ़रवरी 2025 होगा। नाम निर्देशन पत्रों क़ी संवीक्षा 4 फ़रवरी को 2025 को होगी। 6 फ़रवरी 2025 को अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों क़ी सूची तैयार करना, प्रकाशन और निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन होगा। मतदान यदि आवश्यक हुआ तो प्रथम चरण 17फ़रवरी,द्वितीय चरण 20 फ़रवरी एवं तृतीय चरण 23 फ़रवरी 2025 को प्रातः 7बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

# सत्संग जीवन की मूल आवश्यकता : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com



उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता ने यह बात कही ग्राम परेवाडीह के श्री राम कथा महोत्सव में की इस कलयुग में प्रत्येक मनुष्य के जीवन का मूल सत्संग अवश्य होनी चाहिए क्योंकि संसार के भीतर के सभी मनुष्य चाहे वह अमीर हो या गरीब हो सुखी हो या दुखी हो सब की मृत्यु निश्चित है यह एक कटु सत्य है। ठीक इसी प्रकार हर मनुष्य के जीवन में सत्संग हो यह भी एक कटु सत्य है क्योंकि जब हम सुखी रहते हैं उस समय हमारे अंदर अहंकार का भाव ना आए जिसके कारण हमारा जीवन विनाश के रास्ते पर जाता है उससे हम बच सकते हैं और जब हम दुखी रहते हैं उस समय उस दुख के समय को सहने के लिए साहस और धैर्य जैसे शक्ति हमारे अंदर सत्संग से ही आता है। इस तरीके से हम सुख और दुख दोनों परिस्थितियों में सुख का ही अनुभव करते हुए ईश्वर के सानिध्य में रहते हैं और जब हम ईश्वर की शरणागति में रहते हैं उस समय हमको अपने आप के साथ अपने परिवार अपने गांव अपने राज्य अपने देश और समस्त विश्व के सुख समृद्धि शांति का विषय हमारे मन में आता है और हम एक मर्यादित जीवन जीते हुए राष्ट्र की सेवा करते हुए सब के सुख की कल्पना करते हुए हम जीवन निर्वाह करते हैं। इस कार्यक्रम में सरपंच तिलेश्वरी देवेंद्र साहू, पीलू राम निर्मलकर, हरीश, रोहित मेश्राम, होलाराम साहू, नीलम कुमार, नारद साहू और अनेक अतिथि मंचस्थ रहे।

## कांग्रेस ननि चुनाव पर्यवेक्षक विनोद लेंगे कार्यकर्ताओं का बैठक



**धमतरी।** कांग्रेस के धमतरी नगर निगम चुनाव पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर मंगलवार को दोपहर 12 बजे राजीव भवन धमतरी मे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निकाय चुनाव के संबंध में चर्चा करेंगे जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने वरिष्ठ कांग्रेसजन, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, महापौर, सभापति, नगर निगम पार्षद, पूर्व एल्डरमेन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल कांग्रेस, समस्त प्रकोष्ठ कांग्रेस सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओ की उपस्थित की अपील की है।

# नगर के विभिन्न वार्डों से कांग्रेस के पार्षद पद के दावेदारों ने शहर अध्यक्ष आदित्य को सौंपा बायोडाटा

पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्ड पार्षद चुनाव हेतु अपनी अपनी दावेदारी कांग्रेस की ओर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष आर,एन, आदित्य को सौंपा गया है। इस बार नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 महात्मा गांधी वार्ड से वीरेंद्र यादव ,वार्ड नंबर 11 से सरोजिनी, सेवा शंकर पाणिग्रही, वहीं वार्ड नंबर 15 से कुमारी रागिनी चौहान पिता विनोद चौहान ने अपनी अपनी सशक्त दावेदारी पेश की, कुमारी रागनी ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य को आवेदन देने के साथ-साथ बताई कि मैं वर्तमान में एम.ए. फाइनल प्रीवियस की स्टूडेंट हूं पढ़े-लिखे युवक यूतियां मेरे वार्ड नंबर 15 के सभी मेरे साथ हैं कांग्रेस की ओर से मैं सशक्त प्रत्याशी हूं कांग्रेस द्वारा यदि मुझे प्रत्याशी बनाते हैं तो मैं अपनी जीत का पूर्ण रूप से दावा करती हूं। वार्ड नंबर 4 से वीरेंद्र यादव ने कहा कि मैं युवाओं को साथ लेकर चल रहा हूं, और यदि मुझे कांग्रेस से टिकट मिलती है तो मैं जीत का दावा करता हूं। अंत में सरोजिनी पाणिग्रही ने कहा कि मैं कांग्रेस के अनेक पद पर पदस्थ रही हूं और कांग्रेस में रहकर अपने वार्ड की जनता का सेवा करते आ रही हूं मुझे अगर कांग्रेस के द्वारा वार्ड नंबर 11 से प्रत्याशी बनाया जाता है तो वार्ड नंबर 11 से तो मेरी जीत सुनिश्चित है। जीत के लिए मैं पार्टी को अस्वस्थ करती हूं। इस तरह से कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट हेतु तीन अभ्यर्थियों ने दावेदारी की। शहर कांग्रेस सरायपाली के अध्यक्ष आर .एन. आदित्य अधिवक्ता ने कहा कि आपके आवेदन को तत्काल कांग्रेस के जिला व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पास व्हाट्सएप के माध्यम से भिजवा दिया गया है। अंतिम निर्णय संगठन की ओर से ही किया जाना है । इस अवसर पर,अध्यक्ष आदित्य इन्हें बधाई दी गई।

# ब्राह्मण महिला मंच धमतरी द्वारा मकर संक्राति उत्सव सम्पन



पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण महिला मंच द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सक्रांति उत्सव मनाया गया जहां महिलाओं ने हरित श्रृंगार कर हल्दी कुमकुम लगा कर तिल लड्डू का दान किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिलाओं के लिये विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। पश्चात इनाम वितरण भी किया गया समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, हिना मिश्रा, अर्चना पाण्डेय, सीमा चौबे, प्रीति तिवारी, सुशीला शर्मा, साक्षी शर्मा, प्रतिमा पाण्डेय, आयुषी पाण्डेय, नीलम शुक्ला, सपना पाण्डेय, नंदनी तिवारी, सविता पाण्डेय, वंदना शर्मा, कविता पाण्डेय, गौरी मिश्रा, रानी पाण्डेय, प्रीति द्विवेदी, डॉली मिश्रा, प्रियंका तिवारी, श्रद्धा पाण्डेय, इंद्रा दुबे, रीना चौबे, निधि शर्मा, स्वेता दुबे, लक्ष्मी शर्मा, प्रतीक्षा मिश्रा, दिव्या शर्मा, उषा तिवारी एवं बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित थी।

# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा सूने मकान में चोरी करने वाले 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



चोलेश साहू उर्फ पिन्टु ग्राम छाछी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मकान मे अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर, अंदर रखे सोने चांदी के आभुषण, नकदी रकम तथा घर के सामने खडी क्रेटा कार को चोरी कर ले गया है, जिस पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 50/2025 धारा 331(3) 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा घटनास्थल का सुक्ष्म निरीक्षण के साथ, एफएसएल की टीम द्वारा भी घटनास्थल का विधिवत निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का भी अवलोकन किया गया। प्रकरण की जांच एवं विवेचना के दौरान संदेही दिलीप कुमार कश्यप को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी के घर अंदर प्रवेश कर चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से चोरी किये गये मशरूका में से 01 क्रेटा कार CG22 W 5289, सोने के जेवर, नकदी रकम, जक मोबाइल एवं स्मार्ट वाच सहित कुल किमती रु. 11,01,900 को बरामद करने में सफलता मिली है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से चोरी मे प्रयुक्त मोटरसायकल, 02 नग कटर, गुलाबी रंग का टार्च एवं 02 नग मोबाइल को भी जप्त किया गया है।

# केंद्रीय पुलिस बल में गुलशन का चयन होने पर सनातन सेना ने सम्मान किया

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com



सनातन सेना प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर समाजसेवी और उनकी सनातन सेना ने गुलशन साहू पिता तुलाराम साहू रामपुर भखारा जो कि लगातार देश सेवा के लिए प्रयासरत थे अन्ततः उसका चयन केंद्रीय पुलिस बल में हुआ। सनातन सेना ने देश सेवा में चयन होने पर गुलशन साहू को श्रीफल, श्री हनुमान चालीसा, श्रीमद भगवत गीता, श्री राम गमक्षा, साल, श्रीफल, समाज सेवा पत्रिका, भेंटकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। सनातन सेना प्रमुख ने गुलशन साहू को बधाई देते हुआ कहा कि आप देश की सेवा केंद्रीय पुलिस के रूप में देंगे और सनातन सेना समाज निर्माण और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है। हम दोनों का कार्य एक ही है। स्वरूप अलग अलग है। सनातन सेना रामपुर भखारा ग्रामवासियों को बहुत बहुत बधाई दिए पूरे गांव में हर्ष उल्लास, आनंद का माहौल बना हुआ है। उक्त अवसर पर प्रवीण साहू, मोहन लाल साहू, पुरुषोत्तम निषाद, डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, सत्यम सिन्हा, अमित सोना, नितेश साहू, देवेंद्र साहू, जितेंद्र देवांगन, सुदीप सिन्हा, गजेंद्र जागंडे, योगेश्वर सिन्हा, छत्रपाल साहू, डेमन ध्रुव, वाशु गायकवाड़, शेखर ध्रुव, तोरण देशलहरे, राज साहू, रितेश सिन्हा, सूरज सिन्हा ने बधाई दिया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ के हर नागरिक तक पहुंचे सुशासन का लाभ, हमारी सरकार का है यही प्रयास : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ⮜ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर न्यू सर्किट हाउस आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। हमने इस वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के तहत पाँच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम के माध्यम से प्रदेश के भूमिहीन मजदूर परिवारों के आर्थिक समृद्धि का जो संकल्प हमने लिया था, वह साकार हो रहा है। साय ने कहा कि यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को भी सुरक्षित बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश का हर गरीब और भूमिहीन परिवार खुशहाल हो। यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगी।

इस तारतम्य में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल , नवपदस्थ जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष देवभोग नेहा सिंघल, जनपद उपाध्यक्ष गरियाबंद प्रवीण यादव, मनीष ध्रुव, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, विकास पारख, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी-कर्मचारी और जिले के हितग्राहीगण उपस्थित थे।

## एनडीपीएस प्रकरणों की विवेचना की समस्याओं को दूर करने एवं पास्को एक्ट से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में मादक पदार्थो से संबंधित प्रकरणों की विवेचना के दौरान अभियोजन संबंधी होने वाली त्रुटियों को दूर करने तथा एन.डी.पी.एस. मामलों में शत प्रतिशत आरोपियों को सजा दिलाये जाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभिक उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण के महत्व तथा प्रशिक्षण सत्र में पढ़ाये जाने वाले विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं विवेचकों को निर्देशित किया गया। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) बलौदाबाजार राकेश कुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि नारकोटिक्स में लगातार वृद्धि परिलक्षित हो रही है, इस पर रोक लगाने के लिए उनके द्वारा नशे के डिमाण्ड एवं सप्लाई चेन को नियंत्रित करने की आवश्यकत्ता है। इसके लिए एन.डी.पी.एस. मामलों की इन्ड टू इन्ड इन्वेस्टीगेशन के साथ फायनेंसियल इन्वेस्टिगेशन की कार्यवाही पर बल दिये जाने की बात कही गई।

# रिटायर्ड डिप्टी कंमाडेंट से 34 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में भू-माफिया अंकित ताम्रकार फिर गिरफ्तार

## भू-माफियाओं को एसएसपी सिंह की सख्त चेतावनी, अपनी हरकतों से बाज आ जाएं

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



किसी और की जमीन को बिक्री का बताकर फौज से रिटायर हुए डिप्टी कंमाडेंट से 34 लाख की ठगी करने के आरोपी अंकित ताम्रकार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जमीन की धोखाधड़ी मामले में ही 80 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में अंकित को पहले भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी फिलिप तिर्की पिता स्व जोश तिर्की उम्र 62 वर्ष निवासी कांसाबेल जो डिप्टी कमांडेंट के पद से रिटायर्ड हुए हैं, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसएसपी शशि मोहन सिंह के समक्ष पेश होकर शिकायत आवेदन दिया की उसके साथ जमीन खरीदी के नाम से 33 लाख 95 हजार रूपए की ठगी की है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी सिटी कोतवाली जशपुर को बुला कर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए। इस तरह ठगी को दिया अंजाम। फिलिप तिर्की ने 18 जनवरी को ही सिटी कोतवाली जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वर्ष 2023 में फौज से रिटायर्ड हुआ है, वह जशपुर में जमीन खरीदना चाहता था, इस बाबत वह अपने सहकर्मी रहे जखरियुस लकड़ा से संपर्क किया, जिसके मार्फत जमीन ब्रोकर राजू गुप्ता व अंकित ताम्रकार दोनो निवासी जशपुर से मिला, तब राजू गुप्ता व अंकित ताम्रकार दोनो ने पहले मुझे भट्ठी रोड में जमीन दिखाए, प्रार्थी को जमीन पसंद नहीं आने पर राजू गुप्ता द्वारा प्रार्थी को गिरांग मोड़ गेट के पास हाइवे से लगा जमीन को दिखाया गया,प्रार्थी को जमीन पसंद आने पर वहीं 2 लाख रुपए प्रति डिसमिल के हिसाब से 30 डिसमिल का 60 लाख रु में सौदा तय हुआ । 9 जनवरी को अंकित ताम्रकार ने एक फर्जी इकरारनामा नोटरी 33 लाख 95 हजार का लेख कर जमीन रजिस्ट्री का फर्जी कागजात तैयार कर प्रार्थी को जमीन रजिस्ट्री हेतु जशपुर बुलाया, प्रार्थी द्वारा दो चेक के माध्यम से अंकित ताम्रकार व राजू गुप्ता को जमीन की लगभग आधी रकम 33 लाख 95 हजार रुपए रजिस्ट्री के पूर्व दिए थे। प्रार्थी जब जमीन रजिस्ट्री हेतु जशपुर आया तो अंकित ताम्रकार व राजू गुप्ता द्वारा प्रार्थी को बोला गया कि 30 डिसमिल की जगह 50 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री करना है, जिस पर प्रार्थी बोला कि मेरे पास उतने रुपए नहीं हैं मैं जमीन नहीं लूंगा। प्रार्थी को शंका होने पर आरोपियों द्वारा दिए गए खसरा नंबर 14/1 के भूस्वामी दिलफीनूस टोप्पो से उसके घर जाकर भूमि के संबंध में पता किए तो उसने बताया कि जिस जमीन को आरोपियों ने दिखाया था, वह उसकी जमीन नहीं है, उसकी उक्त खसरा नंबर की जमीन कहीं और जगह पर है, जिसे उसके द्वारा न बेचा गया है और न ही बेचने हेतु किसी से बात हुई है। जिस पर प्रार्थी द्वारा अंकित ताम्रकार व राजू गुप्ता से रुपए वापस मांगने पर उनके द्वारा रुपए वापस नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार दोनो ने मिलकर दूसरे की खाली जमीन दिखाकर मुझसे 33 लाख 95 हजार रूपए की ठगी किए हैं।

**भेजा गया जेल** -रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में आरोपियों के विरुद्ध 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी अंकित ताम्रकार को तत्काल हिरासत में लिया गया, दूसरा आरोपी राजू गुप्ता फरार है, जिसकी पुलिस पता साजी कर रही है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी अंकित ताम्रकार से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने व अपराध सबूत पाए जाने पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

> जशपुर में सक्रिय भू- माफियाओं को सख्त चेतावनी है कि वे अपने हरकतों से बाज आवें , उनके खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही है, आगे भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
> **-शशि मोहन सिंह, एसएसपी जशपुर**

# आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता के तहत यातायात पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## कोरबा पुलिस का विशेष अभियान-सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता! कोरबा पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में एवं यातायात एवं क्राइम प्रभारी रविन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाने जैसी लापरवाहियों पर कार्रवाई की गई। साथ ही, सड़कों पर व्हाइट पेंट एवं रेडियम पट्टीकरण अभियान भी चलाया जा रहा है।ताकि रात के समय वाहन चालकों को सड़क मार्ग बेहतर ढंग से दिख सके और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

**नाबालिगों के वाहन चलाने पर कार्रवाई:** 7 मामलों में नाबालिग द्वार मोटर वाहन चलाने पर चालानी कारवाही की गई। ओवरस्पीडिंग पर सख्ती:14 लोगो पर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों पर चालान किया गया। जनवरी माह मे अभी तक कुल 108 लोगो पर ओवरस्पीडिंग पर कारवाही हो चुकी हैं।

**ड्रंक एंड ड्राइव पर कड़ा शिकंजा:** शराब पीकर वाहन चलाने 10 लोगो पर 185 MV एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। अभी तक जनवरी माह मे कुल 78 185 MV एक्ट के तहत कारवाही हो चुकी है।

**सड़क सुरक्षा सुधार अभियान - व्हाइट पेंट एवं रेडियम पट्टीकरण:** विशेष अभियान के तहत कोरबा पुलिस ने प्रमुख सड़कों पर सफेद पेंट और रेडियम पट्टीकरण किया जा रहा है जिससे सड़क किनारे एवं डिवाइडर्स रात में स्पष्ट दिखाई दें। इससे खासतौर पर हाईवे और अंधेरे क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। जनता से अपील-यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें-कोरबा पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करती है: माता-पिता सतर्क रहें! नाबालिग बच्चों को वाहन न दें, यह न केवल उनके जीवन के लिए खतरनाक है, बल्कि कानूनी कार्रवाई का कारण भी बन सकता है। गति पर नियंत्रण रखें! ओवरस्पीडिंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, जिम्मेदार वाहन चालक बनें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं! अगर कोई व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी चला रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं!

# भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का वर्चुअल शुभारंभ, 15625 हितग्राही लाभान्वित होंगें

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 20 जनवरी को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा एवं अन्य अतिथिगण उपस्थिति थे। उल्लेखनीय है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से वर्तमान में जिले के कुल 15625 हितग्राही लाभान्वित होंगे। इस योजना के अंतर्गत इन हितग्राहियों के खाते में प्रतिवर्ष कुल 10 हजार रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख एवं पवन साहू सहित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, शाहिद खान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# कृषक ने कृषि भूमि से वर्षाजल निकासी के लिए दिया आवेदन

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश, जनदर्शन में 131 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 131 आवेदन प्राप्त हुए। बोरसी निवासी कृषक ने सड़क से लगी कृषि भूमि से वर्षाजल निकासी की व्यवस्था के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि जल निकासी हेतु सड़क पर लगी पाईप की सतह खेत की सतह से 9.5 सेमी. ऊंची है, जबकि सड़क 2.5 फीट ऊंची है जिससे भूमि का वर्षा जल खेत से होकर मेड़ से छलक कर नीचे की ओर नदी में चला जाता है। मेड़ छोटी है और सड़क ऊंची है। सड़क में लगी पाईप से वर्षाजल का निकासी त्वरित नहीं हो पाता है, जिससे खेत में जल भराव होने से फसलों को नुकसान होता है। चूँकि गांव तीन ओर से शिवनाथ नदी और एक ओर नाला के बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आजाद वार्ड गंज पारा निवासी ने विद्युत खम्भा को दुरूस्त कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि घर से लगा हुआ विद्युत खम्भा क्षतिग्रस्त होकर घर से चिपक गया है, जिससे कभी-कभी पूरे घरे में विद्युत का झटका लगता रहता है। घर वालों तथा सड़क से आने जाने वाले कभी भी क्षतिग्रस्त खम्भे से विद्युत करेंट के कारण कोई भी अनहोनी दुर्घटना हो सकती है। इस पर कलेक्टर ने विद्यतु विभाग को तत्काल कार्यवाही करने को कहा। ग्राम लोहरसी के ग्रामवासियों ने बताया कि मुख्य मार्ग के किनारे जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कुछ अन्य लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर कॉलम हेतु गढ्ढ़ा खोदकर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है, जिससे गांव में अशांति का माहौल है। इस पर कलेक्टर ने वस्तुस्थिति का जायजा लेकर तत्काल कार्यवाही करने को कहा। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने किया 6 करोड़ 16 लाख का भूमिपूजन रिसाली निगम के सभागार में हुआ वर्चुवल कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

आचार संहिता लगने के कुछ घंटा पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भूमि पूजन और सम्मान समारोह में शामिल हुए। रायपुर में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सभागार में स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री ने वर्चुवल रूप से स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्य के लिए विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर शासन ने 6 करोड़ 16 लाख 99 हजार रुपए स्वीकृत किया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि सभी स्वीकृत 50 कार्य अधो संरचना के है। प्रदेश स्तर पर हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साहू ने वर्चुअल कार्यक्रम में भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों को सुनने स्क्रीन लगाया गया था। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव, माया यादव, रमा साहू, ममता सिन्हा, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू व राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

# पालना कार्यकर्ता-सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित 04 फरवरी तक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 जिला दुर्ग में चार पालना केन्द्र खोले गए है। इन चारों नवीन पालना केन्द्रों में पालना कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। इसके अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्र. 01 में पालना केन्द्र सुमरित नगर खम्हरिया एवं वार्ड क्र. 41 के पालना केन्द्र बिजली पारा छावनी एवं नगर नालिक निगम रिसाली अंतर्गत वार्ड क्र. 24 अंतर्गत पालना केन्द्र आजाद मार्केट रिसाली तथा नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड क्र. 70 के पालना केन्द्र हुड़को में पालना कार्यकर्ता एवं पालना सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन संबंधित ग्राम/वार्ड की आवेदिकाओं द्वारा आवेदन पत्र भरकर निर्धारित तिथि में 04 फरवरी 2025 तक आवेदिका द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-01 (जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग भिलाई) में कार्यालयील समय 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किये जाएंगे। सीधे कार्यालय में जमा करने की दशा में आवेदन बंद लिफाफे में देना है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 के परियोजना अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार पालना कायकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 10वीं बोर्ड एवं पालना सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है। पालना कार्यकर्ता/सहायिका के पद हेतु आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होना चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। सेवा की अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी। आवेदिका उसी ग्राम की स्थानीय निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए। सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रति के साथ आवेदन पत्र संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार सहायक कलेक्टर को सौंपा गया प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम. भार्गव (भा.प्र.से.) सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अभ्यास हेतु 27 जनवरी 2025 से 02 फरवरी 2025 तक एक सप्ताह की अवधि के लिए कार्यालय उप संचालक कृषि विभाग/उद्यानिकी विभाग जिला दुर्ग के साथ संलग्न किया गया है। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि में उप संचालक कृषि विभाग/उद्यानिकी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# स्वामित्व योजना के तहत 50 हजार गांवों में 65 लाख संपत्ति कार्ड का वितरण किया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व योजना के तहत वर्चुअली देशभर के 50 हजार गांवों में 65 लाख संपत्ति कार्ड का वितरण किया। इस समारोह का वर्चुअल प्रसारण बालोद जिले के ग्राम मटिया बी में आयोजित कार्यक्रम में भी किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ.संजय कन्नौजे, गणमान्य नागरिक पवन साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि आज जिले के 916 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से तैयार किए गए मालिकाना दस्तावेज ग्रामीण नागरिकों को उनकी संपत्ति पर स्वामित्व का स्पष्ट प्रमाण प्रदान करते हैं। स्वामित्व दस्तावेज मिलने के बाद ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इससे उन्हें ऋण प्राप्त करने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड में भूमि की सीमाओं का स्पष्ट सीमांकन न केवल विवादों को रोकने में सहायक है, बल्कि सामाजिक स्थिरता और न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करता है। गणमान्य नागरिक पवन साहू ने कार्यकम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना न केवल एक ऐतिहासिक पहल है, बल्कि ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। यह न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि आपके अधिकार, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि स्वामित्व योजना के तहत अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायतों को उच्च-रिजॉल्यूशन डिजिटल मानचित्र उपलब्ध कराए जा सकें। यह बेहतर सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करेगा, जिससे विकास की गति तेज होगी। स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड मिलने पर ग्राम मटिया बी के ग्रामीण विष्णु राम और बीरेंद्र कुमार ने प्रसन्नतापूर्वक बताया कि उन्हें आज यह कार्ड मिलने से काफी खुशी हुई है। इस कार्ड के उपयोग से अब वे लोन लेकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने इस योजना के बेहतर संचालन के लिए शासन प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

# मृतक के परिजनों को मिली 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कातरो तहसील व जिला दुर्ग निवासी जगतराम की विगत 10 अक्टूबर 2023 को सर्प के काटने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. जगतराम की पत्नि मती दुर्जी बाई साहू को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दावा आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** पशु चिकित्सा सेवाएं शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार हिमीकृत वीर्य मात्राओं के उत्पादन में आवश्यक अल्फा फ्रेंच मिनी स्ट्रॉज 0.25 मिलीलीटर का क्रय मेसर्स आईएमव्ही इंडिया प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम हरियाणा से किया जाना है। आईएमव्ही इंडिया प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम हरियाणा उक्त सामग्री क्रय हेतु प्रोपरायटर फर्म है। प्रोपरायटर सर्टिफिक्रेट दिया गया है। यदि किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस की समयावधि में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा जिला दुर्ग में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति आवेदन मान्य नही किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्रमांक/लो.क.वि./2025/1800 रिसाली, दिनांक 20/01/2025

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 37 रिसाली जोरातराई बाद्य पारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य। | 164805 | 6384352.00 | 10.02.2025 |

(नोटः- ई-टेण्डर में सभी दस्तावेज ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी www://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**निविदा सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्त व नियम 8 (6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना
आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी / प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता "जैसे है जहाँ है" जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे हैं। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार हैं-

| ऋणी/सह-ऋणी/जमानती/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि दिनांक | 13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक | कब्जे की दिनांक | संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति) | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | संपत्ति की धरोहर राशि | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान आवास फाईनेन्सियर्स लि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ओम प्रकाश साहू,** श्री किशन लाल साहू, श्री किलेश्वर प्रसाद, श्रीमती बेदीन बाई साहू **खाता सं. : LNBHI00721-220218096** | ₹ 21,22,447/- बकाया दिनांक 11 जनवरी 2025 | 7 अप्रैल 2023 ₹ 1689598/- बकाया दिनांक 5 अप्रैल 2023 | 17 दिसम्बर 2024 | खसरा नं. 177/02 का भाग, पी एच नं. 42, ग्राम-चेटूवा, रनमाहीवारा, तहसील - धामधाह, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 9000 वर्ग फीट** | ₹ 2700000/- | ₹ 270000/- | प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 28 फरवरी 2025 | ऊपरी मंजिल, सूरज कंपाउंड, उज्वला भवन के सामने, श्री शिवम मॉल के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग-491001, छत्तीसगढ़-भारत |

**निविदा की शर्तें :** 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि के चैक/बैंकर्स चैक/माँग ड्राफ्ट जो कि प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय हो, नीलामी से पहले कार्य दिवस के दौरान आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के उपरोक्त पते पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाएं आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात निविदाकर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। 2. सफल निविदाकर्ता को 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना बैंक में जब्त समझी जायेगी। 3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है। निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी। 4. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020 **मनोज कुमार - 8130291423 नोटः-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ताके लिए भी नियम 9 (1)/8(6) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा कि यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर ही विक्रय की जाएगी।

**स्थान : जयपुर** **दिनांक: 21.01.2025** **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

पायनियर



## संपादकीय

### आठवां वेतन आयोग गठन को हरी झंडी

**केंद्रीय** कैबिनेट ने आठवें वेतन आयोग के गठन को हरी झंडी दिखा कर केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण का रास्ता साफकर दिया है। केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा बजट के पहले आठवें वेतन आयोग के गठन को सहमति देना वेतन एवं पेंशन ढांचे के पुनरीक्षण का महत्वपूर्ण कदम है। इससे 49 लाख केन्द्र सरकार के कर्मचारियों तथा लगभग 65 लाख पेंशनधारियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में लिए गए इस निर्णय में कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार तथा उपभोग बढ़ा कर आर्थिक गतिविधियों को गति देने का लक्ष्य समाहित है। आठवें वेतन आयोग को केन्द्र सरकार कर्मचारियों तथा पेंशनरों के वेतन, भत्ते और पेंशन संशोधन का लक्ष्य दिया जाएगा। इसके लिए संस्तुतियां करने से पहले केन्द्र और राज्य सरकारों तथा अन्य पक्षों से विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। उनकी संस्तुतियां वर्तमान सातवें वेतन आयोग ढांचे का स्थान लेंगी जिसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है। ऐतिहासिक रूप से वेतन आयोगों का गठन हर दशक में मुद्रास्फीति, आर्थिक प्रगति तथा कर्मचारियों की बदलती वित्तीय आवश्यकताओं पर ध्यान देने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया है कि संशोधित वेतन ढांचा अतिरिक्त खर्च योग्य आय बढ़ा कर उपभोग को बढ़ावा देगा। वेतन और पेंशन बढ़ने से वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च बढ़ने की उम्मीद है जिससे खुदरा व्यापार, रियल इस्टेट व आटोमोबाइल क्षेत्रों में मांग बढ़ने की आशा की जाती है।



उपभोग में इस वृद्धि से उत्पादन और रोजगार में और वृद्धि होगी जिससे अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का चक्र बनेगा। उम्मीद है कि आयोग की संस्तुतियों से केन्द्र सरकार के कर्मचारियों तथा पेंशनरों की आजीविका पर खर्च की समस्या संबोधित होगी तथा उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी। हालांकि, वेतन और पेंशन संशोधनों से अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ेगी, पर इससे सरकारी खजाने पर काफी बोझ भी बढ़ेगा। वेतन में बढ़ोत्तरी के कारण बजटीय व्यवस्थाओं में परिवर्तन की आवश्यकता हो सकती है जिसका प्रभाव ढांचागत संरचना तथा कल्याण जैसे अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ सकता है। हालांकि, सार्वजनिक उद्यम-पीएसयू तथा राज्य सरकार के कर्मचारी केन्द्रीय वेतन आयोगों के दायरे से बाहर होते हैं, पर आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां इनके लिए भी बेंचमार्क का काम कर सकती हैं। अनेक राज्य सरकारें तथा पीएसयू अपने वेतनमानों को केन्द्र सरकार के मानकों से जोड़ते हैं अत: इसका व्यापक प्रभाव सभी सार्वजनिक क्षेत्रों पर पड़ेगा। इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है। अतिरिक्त खर्च योग्य आमदनी से मांग बढ़ेगी जिससे खासकर आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं की मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। मुद्रास्फीति प्रबंधन के लिए संतुलित मौद्रिक नीति जरूरी होगी। इसके साथ ही केन्द्रीय वेतन आयोग के लाभों से पीएसयू कर्मचारियों व 'ग्रामीण डाक सेवकों' को अलग करने से ऐसे ही संशोधनों की मांग तेज होगी। इससे अशांति तथा राजनीतिक दबाव की स्थिति बन सकती है। वेतनों और पेंशनों पर खर्च बढ़ने से सरकार पूंजी-बहुल परियोजनाओं पर निवेश में कठिनाई का अनुभव कर सकती है, जिसका अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालीन प्रभाव हो सकता है। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां मांग और उत्पादन में बढ़ोत्तरी से उत्प्रेरक का काम कर सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी कैबिनेट को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल समाप्त होने के पहले ही आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर दी, जबकि अतीत में कई बार कर्मचारी संगठनों को इसके लिए आंदोलन तक करने पड़े थे। आशा करनी चाहिए कि आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां अर्थव्यवस्था में प्रगति के साथ कर्मचारियों व पेंशनरों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान करेंगी।

# आस्था और आधुनिकता का संगम

कुंभ मेला परंपरा और आधुनिकता का संगम है। यह खगोलीय परिघटना को धरती के त्योहारों से जोड़ता तथा उसके प्रति पूरे समुदाय में सकारात्मक भावना पैदा करता है।



राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



महान महा कुंभ मेला शुरू हो चुका है जो दुनिया का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक समागम है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस महान व पवित्र आयोजन के लिए पूरी तैयारी की है जो हर 12 साल बाद होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत रूप से इस आयोजन पर नजर रख रहे हैं। 13 जनवरी, 2025 से शुरू महा कुंभ में आश्चर्यजनक व असाधारण रूप से 45 करोड़ से अधिक लोगों के भाग लेने की आशा है। इस प्रकार महा कुंभ आयोजन में लगभग 450 मिलियन तीर्थयात्री, संत, संन्यासी, पर्यटक और श्रृद्धालु आएंगे।

इस दैवी 'संगम' के केन्द्र में गंगा, यमुना व आध्यात्मिक सरस्वती नदियों का पवित्र संगम या त्रिवेणी है। करोड़ों भक्त यहां आध्यात्मिक पवित्रता तथा ईश्वर का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए पवित्र स्नान करते हैं। महा कुंभ आस्था, एकता और मानवता तथा दैवत्व के बीच सनातन संबंध का अनादि काल से प्रतीक बना हुआ है। इसका आधार पौराणिक व आध्यात्मिक इतिहास है। श्रृद्धालुओं का विश्वास है कि ग्रहों के विशिष्ट संयोजन के अवसर पर यहां पवित्र स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है तथा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। योग गुरु तथ वेदांत के प्रचारक स्वामी शिवानंद ने उचित ही कहा है कि 'कुंभ मेले में पवित्र स्नान केवल एक परंपरा न होकर ईश्वरीय शक्ति के समक्ष समर्पण है।' पौराणिक रूप से इससे 'समुद्र मंथन' की कथा जुड़ी है जो अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

प्राचीन ग्रंथों के अनुसार देवताओं और दानवों ने अमृत की तलाश में समुद्र का मंथन किया था। जब देवता अमृत कलश लेकर भाग रहे थे तब उसकी कुछ बूंदें चार स्थानों-हरिद्वार, प्रयागराज, नासिक और उज्जैन में गिरीं और ये स्थान भी पवित्र हो गए। इस प्रकार कुंभ मेले की परंपरा शुरू हुई। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में तुलनात्मक धर्म एवं भारतीय अध्ययनों की प्रोफेसर डायना इक के अनुसार, 'कुंभ मेला पौराणिकता और भूगोल को एकसाथ जोड़ने की भारतीय भावना का प्रतिनिधित्व करता है और इस प्रकार उसे बहुत पवित्र बना देता है।' कुंभ के संदर्भ ऋग्वेद, यर्जुवेद, सामवेद व अथर्ववेद के वैदिक पाठों में मिलते हैं। इसका संबंध ज्योतिषीय प्रतीक कुंभ से भी है। पहली शताब्दी ईस्वी में यूनानी विचारों में इसकी व्याख्या की गई है। 'मेला' का अर्थ लोगों के 'समूह' या उनके 'एकत्र होने' से है। प्राचीन हिंदू ग्रंथों में इसे सामुदायिक रूप से महत्वपूर्ण मेलों के रूप में परिभाषित किया गया है।

इस प्रकार कुंभ मेला का अर्थ 'जल या अमृत को केन्द्र में रख कर मनुष्यों के मिलन' से है। ऐतिहासिक रूप से कुंभ मेला का पहला रिकार्ड उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग के सातवीं शताब्दी में लिखे यात्रा विवरणों से मिलता है। ह्वेनसांग ने सम्राट हर्ष के शासनकाल की अनेक घटनाओं का दस्तावेजीकरण किया था। सम्राट हर्षवर्धन का शासन 606 से 647 ईस्वी तक अधिकांश उत्तर भारत में था और उनके शासनकाल को तुलनात्मक रूप से शांति और समृद्धि वाले काल के रूप में किया जाता है। ह्वेनसांग ने प्रयाग में कुंभ मेला का वर्णन किया है जिसमें सम्राट हर्षवर्धन ने भाग लिया था।

> कुंभ मेला का अर्थ 'जल या अमृत को केन्द्र में रख कर मनुष्यों के मिलन' से है। ऐतिहासिक रूप से कुंभ मेला का पहला रिकार्ड उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग के सातवीं शताब्दी में लिखे यात्रा विवरणों से मिलता है। ह्वेनसांग ने सम्राट हर्ष के शासनकाल की अनेक घटनाओं का दस्तावेजीकरण किया था।

पिछली शताब्दियों में यह त्योहर संन्यासियों के समागम से बढ़ कर एक विशाल आयोजन में बदल गया है जो करोड़ों लोगों को आकर्षित करता है। कुंभ मेला का ऐतिहासिक परिवर्तन इसकी दृढ़ता और परिवर्तनशीलता प्रकट करता है तथा आध्यात्मिक भावनाओं को सामाजिक परिवर्तनों से जोड़ता है। कुंभ मेले में बड़ी संख्या में संत, संन्यासी और आध्यात्मिक गुरु एकत्र होते हैं जो जनता को दिशानिर्देश देते हैं। सनातन धर्म को मजबूत बनाए रखने में विभिन्न अखाड़ों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान है। भगवा वस्त्र पहले या भभूत लगाए संत भौतिक इच्छाओं के त्याग का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रकार उनका पवित्र संगम में स्नान गहरे आध्यात्मिक अर्थ वाला है। यह अपने पाप और अहंकार धो डालने तथा स्वच्छ आध्यात्मिक शुरुआत का प्रतीक है। इतिहासकार विलियम डेलीरिम्पल ने लिखा था, 'कुभ मेले में एकत्र संत भारत की अनादि और अनन्त आध्यात्मिक विरासत के संरक्षक हैं।'

कुंभ मेला बड़ी खूबसूरती से धर्म और विज्ञान का मेल कराता है। इसका समय सटीक खगोलीय गणना से निर्धारित होता है जो हिंदू नक्षत्र-विज्ञान का महत्व प्रकट करता है। जब वृहस्पति कुभ में प्रवेश करता है और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है तब ग्रहीय व्यवस्था एक शुभ समय का संकेत देती है जिसका आध्यात्मिक संबंध है। यह पवित्र त्योहार ग्रहीय परिघटना को धरती के त्योहार से जोड़ता है। इससे ब्रह्मांड तथा मानवीय आध्यात्मिकता में गहन संबंध स्पष्ट होता है। आर्यभट्ट ने ग्रह-नक्षत्रों के बारे में अपने प्रख्यात अध्ययन में इस ग्रहीय परिघटना का उल्लेख किया है जिसमें ग्रहों की गति तथा ग्रहणों का विवरण शामिल है। इस प्रकार अनेक ग्रहों-नक्षत्रों की गति कुंभ के समय को प्रभावित करती है।

कुंभ मेला विभिन्न संस्कृतियों, दर्शनों तथा मानव समूहों के मिलन का अवसर भी है। यहां आने वालों में दुनिया त्याग चुके संन्यासियों के साथ आम लोग और विदेशों के अनेक लोग शामिल हैं। यह विविधता आध्यात्कि खोज की सर्व-व्यापकता का प्रतिनिधित्व करती है। समाजविज्ञानी सुधीर कक्कड़ ने एक बार लिखा था, 'कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन न हो कर मनुष्यों के परस्पर संबंधों और जुड़ाव का महान आयोजन है।' मेले में विभिन्न विचारों, कर्मकांडों और दर्शनों का आदान-प्रदान एक उल्लेखनीय वैश्विक एकता का प्रतीक बन जाता है।

करोड़ों लोगों के समागम वाले कुंभ मेले के लिए व्यापक तैयारियों की जरूरत होती है। इसमें अनेक अद्यतन तकनीकों का प्रयोग किया जाता है जिनमें एआई-संचालित भीड़ प्रबंधन व्यवस्थायें, सुरक्षा के लिए ड्रोनों से निगरानी तथा चिकित्सकीय आपातस्थितियों से निबटने के लिए मोबाइल स्वास्थ्य क्लीनिकें भी शामिल हैं। मोबाइल एपों व लाइव-स्ट्रीमिंग सेवाओं से सहज संचार और दुनिया भर से श्रृद्धालुओं की पहुंच सुनिश्चित हुई है। 2025 का कुंभ मेला 800 हेक्टर क्षेत्र में फैला है जहां रोज पांच लाख वाहनों के लिए 101 स्मार्ट पार्किंग व्यवस्थायें तथा श्रृद्धालुओं के लिए 1.8 लाख टेंटों की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार चुनौतियों के बावजूद महा कुंभ मेले में परंपराओं और आधुनिकता का सहज संगम हो रहा है।

# हमारे कर्म देते हैं जीवन को आकार

> "जीवन और मृत्यु नवीनीकरण के एक शाश्वत चक्र में गुंथे हुए हैं, जो आत्मा को विकास के अवसर प्रदान करते हैं।"

अजीत कुमार बिश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हम सभी को कर्मफलों के बारे में पता होना चाहिए। ये हमारे द्वारा अतीत में मन, वचन और शरीर से किए गए अच्छे और बुरे कर्मों के परिणाम हैं। मैंने मन का उल्लेख शरीर से अलग करके किया है क्योंकि मन द्वारा किए गए कर्म सूक्ष्म होते हैं। और वे काफी घातक हो सकते हैं। मानसिक रोग क्या है? आपने सही अनुमान लगाया है; यह हमारे मन के कारण होता है।

इसी तरह, शब्द भी कम खतरनाक नहीं हैं। हाँ, शब्द बहुत घातक हो सकते हैं, जैसा कि हम सभी ने अनुभव किया है, जब हम मूर्खतापूर्ण बात करने का विकल्प चुनते हैं। और ये बुरे कर्मफल किसी भी उम्र में प्रकट हो सकते हैं लेकिन बुढ़ापे में ये सबसे अधिक नुकसान पहुँचाते हैं जब हम कमज़ोर होते हैं और हमारे पास ज़्यादा विकल्प नहीं होते।

यह तब होता है जब कोई व्यक्ति अपनी बदकिस्मती पर विलाप करता है और उसके लिए सहानुभूति रखने वाले बहुत कम होते हैं। क्या हम उम्र बढ़ने के साथ खत्म नहीं हो जाते? यह लेख बताता है कि हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं। आखिरकार हम इतने असहाय नहीं हैं। पहला कदम इसी क्षण से सभी बुरे काम करना बंद करना है। और हम जानते हैं कि ये क्या हैं। सभी अच्छे काम करके हमारे अंदर अच्छाई बढ़नी चाहिए।

हमें मधुरता से बोलना चाहिए; हमें अच्छे कार्यक्रमों को देखना चाहिए; हमें अच्छे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए; इत्यादि। इससे हम अपने वर्तमान कार्यों के बुरे प्रभावों से बचेंगे। नियंत्रक मानसिकता पर अंकुश लगाया जाना चाहिए; हमें यथार्थवादी बनना चाहिए क्योंकि नियंत्रक केवल एक ही है और वह है ईश्वर। यदि ऐसा नहीं होता तो हम जो चाहें प्राप्त कर लेते, जो शायद ही कभी होता है। अहंकार पर अंकुश लगाया जाना चाहिए क्योंकि केवल एक ही श्रेष्ठ सत्ता है, जो ईश्वर है। हम जीवन भर अपनी श्रेष्ठता साबित करने की कोशिश करते हैं और क्या होता है? हम दूसरों के बीच बहुत अलोकप्रिय हो जाते हैं, खासकर अपने परिवार के सदस्यों के बीच, जिनकी हमें बुढ़ापे में बहुत ज़रूरत होती है। आध्यात्मिक अभ्यास सही ईमानदारी से शुरू किए जाने चाहिए। यदि हम यह महसूस कर लें कि हम आत्मा हैं, ईश्वर के अंश हैं, तो वे बहुत सार्थक होंगे। क्या अंशों को समग्र पर निर्भर नहीं होना चाहिए? क्या हमें ईश्वर के प्रति सम्मान नहीं होना चाहिए, जैसा कि एक बेटे को अपने पिता के प्रति होना चाहिए? जब कोई हमारा कुछ उपकार करता है तो क्या हम उसका धन्यवाद नहीं करते? ईश्वर हमेशा हम पर बहुत उपकार करता है। सबसे पहले, उन्होंने सूर्य का प्रकाश, जल, ऑक्सीजन युक्त वायु आदि सभी आवश्यक वस्तुएँ नि:शुल्क प्रदान की हैं।



अंत में भगवान को सहायता करनी ही पड़ती है, क्योंकि भाग्य को कोई और नहीं बदल सकता। वे भी नहीं करते, लेकिन बुरे कर्मफलों से निपटने में सहायता करते हैं; हमारा अंत बुरा नहीं होगा। (9.31) यह बहुत बड़ी कृपा है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है उनकी दया, जो हमें हमारे अच्छे कर्मफलों से बचाती है, जब हम स्वयं को बुरी तरह चोट पहुँचाने की सबसे अधिक संभावना रखते हैं। क्योंकि अच्छे समय को सहन करना कठिन है। और भगवान और केवल भगवान ही हमारे स्वभाव को सुधारने में सहायता कर सकते हैं, जो हमारे भाग्य का भी हिस्सा है।

क्या हमारा स्वभाव हमें बार-बार निराश नहीं करता? हम देखते हैं कि लोग क्रोध, वासना, ईर्ष्या आदि से खुद को नष्ट कर रहे हैं। भगवान हमें मूर्खतापूर्ण कार्यों से बचाते हैं, यदि हम उनकी शरण में रहें। मैं अपने बुढ़ापे में जब मैं पहले से ही कमजोर हूँ, तब दुर्भाग्य की संभावना से बहुत डरता हूँ। भगवान को मेरी रक्षा करनी ही होगी।

मैं कोई जोखिम नहीं उठा रहा हूँ; मैंने भगवान की शरण ली है। केवल भगवान ही मदद कर सकते हैं, क्योंकि वे स्वामी और नियंत्रक हैं। भगवान हस्तक्षेप कर सकते हैं और भगवान अपने भक्तों के लिए ऐसा करते भी हैं। (भगवद गीता 18.58) क्या इससे हमें शांति नहीं मिलेगी? इससे मैं धीरे-धीरे शांत हो गया हूँ क्योंकि मेरी आध्यात्मिक साधनाओं से भगवान के साथ मेरा संबंध मजबूत होता जा रहा है। कृपया जोखिम न लें।

## आप की बात

### कुंभ मेले में आग

**महोदय,** प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना ने एक बार फिर से कुंभ की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा दिए हैं। यह घटना शास्त्री पुल और रेलवे पुल के बीच इलाके में हुई, जो मेला क्षेत्र में आता है। बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ, जिससे आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते 20-25 टेंट जलकर खाक हो गए। यह घटना कुंभ की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है। यदि यही घटना पर्व स्नान के वक्त होती तो दमकलों का घटना स्थल पहुंचना ही मुश्किल होता। कुंभ मेले में लाखों-करोड़ों लोग आते हैं और ऐसी घटना से बड़ा हादसा हो सकता था। कुंभ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सरकार और प्रशासन ने भरपूर व्यवस्था की थी, लेकिन फिर भी यह घटना हुई। यह घटना यह दर्शाती है कि सुरक्षा व्यवस्था में अभी भी कुछ कमियां हैं। कुंभ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सरकार और प्रशासन को और अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा, कुंभ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सरकार और प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि मेले में आने वाले लोगों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाए। उन्हें यह बताया जाए कि वे अपनी सुरक्षा के लिए क्या कर सकते हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### किसान आंदोलन का सच

**कैसी** विडम्बना है कि तथाकथित किसान आन्दोलन जिसके कारण एक मुख्य राजमार्ग बाधित होने से जनसामान्य, व्यापारियों, कर्मचारियों को इतनी भीषण समस्या है और दूसरी ओर उन अराजक तत्वों का आतंक जो स्वयं को किसानों का प्रतिनिधि कह कर ऐसी मांगों को अपना अधिकार मान कर मनवाने पर अड़े हैं जो असम्भव हैं, के समाधान के लिए विपक्षी राजनैतिक दल और सुप्रीम कोर्ट ने इन अराजक व आतंकी तत्वों को आश्रय दिया है और मार्ग बाधित होने के समाज को होने वाली क्षति के प्रति उदासीनता का भाव । सुप्रीम कोर्ट चिंतित है अनशनकारी किसान नेता के स्वास्थ्य के प्रति किन्तु उसकी ज्ञानेंद्रियां मार्गबाधा के कारण असंख्य जनसामान्य की पीड़ा के प्रति निष्क्रिय। क्या डल्लेवाल का जीवन शेष भारत के नागरिकों से अधिक महत्वपूर्ण है ? क्या सरकारों अथवा सुप्रीम कोर्ट को इस प्रकार के अनुचित दबाव में आकर नीतिगत निर्णय करने चाहिएं ? होना ये चाहिए कि इन्हें स्पष्ट शब्दों में राजमार्ग खाली करने का आदेश दिया जाना चाहिए, वार्ता यदि कोई हो तो उसके बाद । यदि पंजाब सरकार इन्हें नहीं हटाती तो पंजाब में केन्द्रीय शासन लगा कर राजमार्ग खाली कराने चाहिएं, शेष सभी कुछ बाद में।

– **जय प्रकाश गुप्ता,** अंबाला छावनी

### महत्वपूर्ण कदम

**आठवें** वेतन आयोग की नियुक्ति घोषणा के साथ ही, सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह और सेवाओं की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह आयोग सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में संशोधन की सिफारिशें करेगा, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। 8वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर की अधिकतम रेंज के तहत न्यूनतम सैलरी 26, 000 रुपये हो जाएगी. कर्मचारी यूनियन और बाकी संगठन आठवें वेतन आयोग में इसे 2.86 से 3 के बीच रखने की मांग कर रहे हैं. यह मांग मानी गई तो सैलरी में 180न्न बढ़ोतरी होगी. रिपोर्ट्स के अनुसार, आठवें वेतन आयोग में न्यूनतम आधार वेतन को बढ़ाकर 34,650 रुपये किया जा सकता है, जो कि सातवें वेतन आयोग में 17,990 रुपये है. वहीं, पेंशन को 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,280 रुपये किया जा सकता है. इससे सरकार पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। सरकारी सेवाओं के प्रति युवाओं के आकर्षण का कारण पर्याप्त तनख्वाह और सुविधाओं के साथ-साथ आराम से काम करने का माहौल है। इसके अलावा, सरकारी नौकरियों में ऊपरी आमदनी भी भरपूर होती है। लेकिन, प्राइवेट सेक्टर की तनख्वाह, काम और कार्य समय की तुलना में सरकारी नौकरियों में वेतन और सुविधाएं अधिक होती हैं। आठवें वेतन आयोग के लागू होने से कई महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिलेंगे।

– **विभुक्ति बुपक्या,** खाचरोद

### संयम बरतें राहुल

**लगातार** कांग्रेस की फजीहत के बाद भी पार्टी नेता उलजलूल बयानबाजी से बाज नही आ रहे है।अपने बयानों से किरकिरी झेलते राहुल गांधी ने एक बार फिर संघ, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को देश के लिए कब्जाधारी संस्था बताया है। भाजपा और संघ ही नहीं बल्कि इंडियन स्टेट से भी दो-दो हाथ करने पर मजबुर दिखते राहुल इस बयान को लेकर सवालों के घेरे में है। राहुल यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि उनके इंडियन स्टेट का आखिर दायरा क्या है? सरकार से विरोध उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। मगर इसे भारतीय राजव्यवस्था से संघर्ष में उनके अस्पष्ट आशय से जोड़ा जाए तो उसका गंभीर अर्थ एक अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसा लगता है संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान को समझने में राहुल संदर्भित विषय से भटक जाते है और वे अर्थ का भी अनर्थ कर देते है।कितना अच्छा हो कि राहुल अपनी सोच में गंभीरता लाए और भाषा संयम से तथ्यों का विश्लेषण करें इससे उनकी विपक्ष के नेता की भूमिका के साथ भी न्याय होगा। राहुल के आधारहीन आरोप खुद की संकीर्ण मानसिकता और विषयक अधुरे ज्ञान का उदाहरण है।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सीएम ने किया पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का वर्चुअल शुभारंभ

## बालोद जिले के 15 हजार से अधिक लाभार्थियों के खाते में सालाना 10 हजार की राशि अंतरित की जाएगी

### टाउन हॉल बालोद में किया गया विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। आज हमने इस वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस स्थित आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा एवं अन्य अतिथिगण उपस्थिति थे। इसी क्रम में जिले में सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ एवं वितरण कार्यक्रम का जिले के तीनों विधानसभा मे विधानसभा स्तरीय आयोजन किया गया था। संजारी बालोद विधानसभा अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन बालोद नगर के टाउन हॉल में आयोजित किया गया। योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया, मुख्यमंत्री कार्यक्रम में वर्चुअली माध्यम से जुड़े और बटन दबाकर इस योजना का शुभारंभ किया। बता दे कि यह योजना उन मजदूर किसानों के लिए है जिनके पास भूमि नही है। उन किसान मजदूरो को यह पारितोषिक राशि मिलने से उन्हें सुविधा मिलेगी।

**जिले के 15,625 हितग्राही होंगे लाभान्वित**

उल्लेखनीय है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से वर्तमान में बालोद जिले के कुल 15 हजार 625 हितग्राही लाभान्वित होंगे। इस योजना के अंतर्गत इन हितग्राहियों के खाते में प्रतिवर्ष कुल 10 हजार रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। टाउन हॉल में आयोजित समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख एवं वरिष्ठ नागरिक पवन साहू सहित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, शाहिद खान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

**वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा परिवार भी शामिल**

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि बालोद जिले में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत भूमिहीन मज़दूरो को 10 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। बालोद जिले में इस योजना से 15 हजार 625 कृषक लाभन्वित होंगे। भूमिहीन मजदूर कृषकों के खाते में सीधे योजना की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय ने बेमेतरा सहित तीन नगरीय निकायों के 5 करोड़ के कार्यों का किया वर्चुअल भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्वाह्न प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में 155 करोड़ 38 लाख रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास और 15 करोड़ 25 लाख रुपए के 70 कार्यों का किया गया लोकार्पण किया। राजधानी रायपुर से वर्चुअल बेमेतरा नगर पालिका परिषद सहित नगर पंचायत बेरला और भिभौरी के 5 करोड़ के कार्यों का वर्चुअल भूमि पूजन किया। इसमें नगर पालिका परिषद बेमेतरा, अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. सड़क, नाली एवं बी.टी. सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 210.35 लाख और निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न शौचालय का मरम्मत कार्य लागत राशि 31.00 लाख है । इसी प्रकार नगर पंचायत बेरला अधोसंरचना, 14 वें एवं 15 वें वित्त मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य - 41 कार्य लागत राशि-167.91 लाख और नगर पंचायत भिभौरी अधोसंरचना मद अंतर्गत कार्यालय भवन निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य लागत राशि 102.03 लाख के है। मुख्यमंत्री साय ने स्वच्छता दीदियों के मानदेय में 800 रूपये की वृद्धि की घोषणा की : अब स्वच्छता दीदियों को हर महीने मिलेगा 8 हजार रूपये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शहरों में स्वच्छता और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने में स्वच्छता दीदियों का बड़ा योगदान है। इनके लगन और मेहतन से ही स्वच्छता मिशन सफल हो पा रहा है। स्वच्छता दीदियों का सम्मान, इनके योगदान को प्रोत्साहन देता है। हम इनका सम्मान करके खुद भी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। राज्य के नगरीय निकायों में इस समय स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 9 हजार से अधिक स्वच्छता दीदी कार्यरत हैं। इन्हें 7200 रुपये मानदेय दिया जाता है। मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि स्वच्छता दीदियों के मानदेय में आज 800 रूपये की बढ़ोत्तरी की जा रही है। अब स्वच्छता दीदियों को हर महीने 8 हजार रूपये मानदेय मिलेगा। उप मुख्यमंत्री व बेमेतरा जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में काम करने वाली और सुशासन की सरकार है। विष्णु के सुशासन में किसी को निराश होने की जरूरत नहीं है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के 23 नगरीय निकायों में मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत लगभग चार लाख जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा टाउन हॉल में विधिवत कार्यों का भूमि पूजन किया । जिला प्रशासन ने ख़ास व्यवस्था की थी । बेमेतरा के टाउन हॉल में, कलेक्टर रणबीर शर्मा,सीईओ जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अजय साहू,विजय सिन्हा,राजेंद्र तिवारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी स्वच्छता दीदियाँ उपस्थित थी। विधायक दीपेश साहू ने शहर की स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया । उन्होंने संबोधन में कहा कि बेमेतरा सहित सभी नगरीय निकाय स्वच्छ होंगे लोग बेमेतरा को स्वच्छता के रूप में नई पहचान मिलेगी । उन्होंने उपस्थित लोगों को 22 जनवरी को शहर के भद्रकाली मंदिर में गंगा आरती में आने का निमंत्रण भी दिया ।

# ब्रम्हाकुमारीज के 56 वें पुण्य तिथि पर विश्व शांति दिवस

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा साकार संस्थापक, ब्रह्माकुमारीज़ के 56 वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित विश्व शांति दिवस कार्यक्रम संपन्न विश्व शांति दिवस कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि दीपेश साहू (विधायक बेमेतरा), अध्यक्षता ईश्वर साहू (विधायक साजा), विशिष्ट अतिथि अजय साहू (बेमेतरा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी) गुरुदयाल सिंह चावला (अध्यक्ष सिख समाज बेमेतरा) लालचंद मोटवानी (अध्यक्ष सिंधी पंचायत बेमेतरा) ताराचंद माहेश्वरी (प्रसिद्ध समाज सेवक बेमेतरा), आशीर्वचन ब्रह्माकुमारी शशि दीदी (प्रभारी सेवा केंद्र बेमेतरा), सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए विश्व शांति दिवस कार्यक्रम की शुरुवात परमात्मा की याद से हुई।

**दिव्य संस्कृति को फिर से जागृत करने की शिक्षा**

गुरुदयाल सिंह चावला ने कहा कि यहाँ यही संदेश और शिक्षा देते हैं कि जब हमारा जीवन श्रेष्ठ बनेगा तो संस्कृति श्रेष्ठ बनेगी। परमात्मा हमें दैवी गुण सिखाने के लिए अपनी आत्मा की दिव्य संस्कृति को फिर से जागृत करने की शिक्षा देते हैं। इस ज्ञान से हमारे अंदर पवित्रता, सभ्यता और श्रेष्ठ संस्कृति के लिए श्रेष्ठ संस्कार आते हैं।

**युवा पीढ़ी को संभालने की जरूरत है**

लालचंद मोटवानी ने कहा कि सिंधी समाज की बोली और भाषा में आकर्षण है यही कारण है कि हम पूरे भारत में लोगों के दिलों में छा गए। हमारी युवा पीढ़ी को संभालने की जरूरत है। इसके लिए माताओं, बहनों और बुजुर्गों को आगे आना होगा। सभी समाज जन से आग्रह है कि यहां से जब जाएं तो जीवन में कुछ नया लेकर, नया सीखकर जाएं।

**सबसे बड़ा धन शांति है**

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि जब हम छोटे छोटे थे तब से मेरा पूरा परिवार ब्रह्माकुमारीज से जुड़े हुए हैं हमारी माता और पिता भी ब्रह्माकुमारीज से जुड़े हुए हैं। विश्व शांति दिवस पर सभी समाज के लोग यहां उपस्थित हुए हैं ख़ुशी की बात है और मैं जितना कहूं उतना कम है, क्योंकि आपके बीच हमेशा मैं पहूंचता हूं और जो ऐसे कोई भी कार्यक्रम हो सभी में शामिल होता हूँ। आज हम यहां पर हैं यह हमारी दीदी शशि बहन की कृपा है जो इतने कम समय में ये साहस हमको मिला। लेकिन फिर भी उनकी ताकत और बाबा का संदेश हमारे विद्यालय में पढ़ाने वाली सकारात्मकता और सकारात्मक विचार हमारे जीत के लिए बहुत काफी थे। हम भले साथ नहीं हो हम चाहे गरीब घर से हो किसान घर से हो लेकिन हमारी सोच अच्छी हो और हमारा लक्ष्य अच्छा हो और हमारे सोच पॉजिटिव हो कोई भी कितना भी बड़ा लक्ष्य हो हमको मिल ही जाता है।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा पहुंचे मानस गान प्रतियोगिता कार्यक्रम में

पायनियर संवाददाता बेमेतरा बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम भिंभौरी में आयोजित दो-दिवसीय स-स्वर मानसगान प्रतियोगिता का भव्य 30 वाँ.वर्ष में सम्मिलित हुए इस अवसर पर पूर्व विधायक ने सर्व प्रथम प्रभु श्रीरामचंद्र भगवान का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही समस्त जनमानस के सुख समृद्धि की कामना की ईश्वरपुर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रभु राम हम सभी के इष्ट हैं राम कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य जन्म के पापों का निवारण हो जाता है ऐसे में विधि हरिहर मानस मंडली द्वारा जो यह राम कथा महोत्सव मनाने का जो निर्णय लिया गया है वह बहुत ही सराहनीय है मैं समिति को आभार करता हूं जिन्होंने मुझे इस पावन महोत्सव में आमंत्रित किया तथा मुझे भी राम कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस शुभ अवसर पर अवनीश राघव नेतराम निषाद चंद्र विजय धीवर उत्कल धीवर विक्की साहू लखन साहू रमेश साहू नरेंद्र धीवर कुंज लाल साहू गुनेंद्र साहू ब्रिज विलास साहू प्रवीण शर्मा सनत साहू अमर सिंह यादव हरिश्चंद्र वर्मा हीरालाल साहू मोती लाल साहू टीकम सिंह वर्मा भूषण साहू सुरेंद्र कुमार देवदास महाराजदिन धीवर रामगोपाल धीवर कमलेश वर्मा टिकेंद्र कौशिक उत्तम साहू देवलाल सिन्हा लोकनाथ साहू लखनलाल साहू श्याम कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान शौचालय निर्माण में लापरवाही करने वाले बुंदेला पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com


कार्यालय जिला पंचायत – बेमेतरा (छ.ग.)

जिला पंचायत कार्यालय द्वारा 19 जनवरी 2025 को जारी नोटिस के अनुसार, ग्राम पंचायत बुंदेला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें साफ-सफाई और शौचालय निर्माण से संबंधित कमियों पर ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता अभियान और शौचालय निर्माण में लापरवाही पाई गई, जिसके चलते संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।नोटिस में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सफ़ाई अभियान और शौचालय निर्माण कार्यों का उचित निरीक्षण नहीं किया गया था। इसके चलते ग्राम पंचायत बुंदेला के सचिव, ईश्वर वर्मा, को कारण बताने और उचित जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 40 लाख रुपये की अनुदान राशि का उपयोग भी सही ढंग से नहीं किया गया, जिसे लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है।आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पंचायत सचिव को 19 नवंबर से 19 दिसंबर तक के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने इसमें लापरवाही दिखाई। जिला पंचायत ने यह निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# वार्ड नं 15 भगोली पारा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी





**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा के वार्ड नं 15 भगोली पारा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 118वां संस्करण , जो कि 2025 का पहला संस्करण था उसे सुना गया। वहीं इसके उपरांत दल्ली राजहरा पुराना बाजार के सबसे पुराने भाजपा नेता बाबुलाल ऋषि व भगदराम देवांगन को भाजपा नेता जयदीप गुप्ता द्वारा शॉल-श्रीफल भेंट कर पार्टी के लिए उनके द्वारा निभाई गई अमूल्य महती भूमिका हेतु सम्मानित किया गया । भाजपा नेता जयदीप गुप्ता ने बताया कि जब पुराना बाजार क्षेत्र में हमारा कोई कार्यकर्ता नहीं था तब बाबूलाल व भगतराम ने ही पुराना बाजार में भारतीय जनता पार्टी के जनकल्याणकारी विचारधारा से लोगों को अवगत करवाया और लगातार प्रयास कर भाजपा का झंडा गाड़ा । फिर उनके साथ लोग जुड़ते चले गए और कारवां बनता गया , सम्मान समारोह में मुख्य रूप से जयदीप गुप्ता, मनोज दुबे, स्वाधीन जैन, आशीष लालवानी, तरुण कुमार साहू, डोमेश्वर साहू, सरल रामटेके, राज चक्रधारी, नेतराम, सोनू नायक,मिथलेश, रमेश दास, सुनील दास, राहुल, रितेश, अजयं मानिकपुरी, बिट्टू तिवारी, टिकेश कुमार, नकुल मेश्राम, ठिभु राम, उमेश साहू आदि उपस्थित थे।

# रांका में 23 तारीख से रात कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता



**बेमेतरा।** पर्यावरण सरंक्षण गांव की खेती के रोजगार को बचाने के साथ छत्तीसगढ़िया संस्कृति को बचाने के उद्देश्य से रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी से रांका में किया जा रहा है।खेल के माध्यम से जनजागरण का एक अभिनव कदम के रूप में युवाओं ने पहल प्रारंभ की है। इसमें ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भाग लेंगे जहां प्रथम पुरस्कार शिव नारायण ताम्रकार, अध्यक्ष सिविल कांट्रेक्टर एसोसिएशन रायपुर की ओर से 21000/नकद एवं ट्रॉफी दी जाएगी।जबकि दूसरा प्राइज अरविंद मिश्रा द्वारा स्व दशरथ लाल मिश्रा बसनी वाले की स्मृति में 15000/एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।तीसरा पुरस्कार शुभम वर्मा बारगांव की ओर से 7500/नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।चतुर्थ पुरस्कार बाबा मार्केटिंग रांका की तरफ से 4500/ नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।जबकि स्व हुकुम चंद सुराना कुरूद वाले की ओर से मेन ऑफ द सीरीज के रूप में 5100/ एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।समापन समारोह 3 फरवरी को किया जाएगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण कारी उद्योग के प्रति खेल भावना के माध्यम से जनजागरण लाना है।

# मुख्यमंत्री साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। आज हमने इस वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्यू सर्किट हाउस स्थित आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा,साजा और नवागढ़ के जनप्रतिनिधि, शहरी और ग्रामीणजन वर्चुअल जुड़े। जिला प्रशासन ने ख़ास व्यवस्था की थी। बेमेतरा के टाउन हॉल में विधायक दीपेश साहू, अजय साहू,विजय सिन्हा,राजेंद्र तिवारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के सरकार ने पाँच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है।

# महार/महरा समाज का प्रदेश–स्तरीय युवक–युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजन हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



दुर्ग भिलाई छ.ग. महार/महरा समाज का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को देव स्थल कौही रानीतराई पाटन दुर्ग में युवा मंच, महिला प्रकोष्ठ व समस्त परगंना, स्वजाति बन्धुओ का स्वागत, वंदन, अभिनन्दन करते हुए सामाजिक कार्यक्रम का सफल आयोजन अत्यंत उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ । श्रीदेव युवा मंच के संरक्षक हरिकिशन पावरिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन कौही में रखा गया, इस कार्यक्रम में युवक युवती परिचय सम्मेलन, वैवाहिक पत्रिका स्नेह संबध (अंक षष्टम), प्रथम सामाजिक कैलेंडर का विमोचन समाज जनों के द्वारा किया गया । समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया । युवक युवतियों ने क्रमशः मंच पर आ कर अपना परिचय दिया। नन्हे नवनिहालों ने रंगा रंग मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। छ ग झरिया महार/महरा समाज पंजीकृत शाखा प्रांतीय अध्यक्ष खिलावन चोपड़िया, प्रांतीय सचिव गजेन्द्र सारधे, कोषाध्यक्ष गिरधर मेश्राम, संयोजक पवन कामड़े, सह सचिव सुरेश कामड़े, महामंत्री अजित भीमगज, प्रवक्ता मोहन सारधे, जग मोहन नागवंशी, सुंदर कामड़े, मनोज नायक, रमेश सोनवानी, नरोत्तम अग्नेकर, छबिराम सोनवानी, जयलाल अंगारे, सनत लेमन चापले, बहादुर सिंह, पाटन तहसील युवा प्रकोष्ठ, श्रीदेवयुवा मंच हरि किशन पावरिया, सोमेश मेश्राम, अध्यक्ष प्रकाश नाग, राहुल, देवा मेश्राम, परमेन्द्र, महिला प्रकोष्ठ संध्या, जानकी चोपड़िया, रत्ना पावरिया, मेश्राम, जीवनलता सारधे, पूनम कामड़िया, कावेरी, कामड़े, डॉ विजयलक्ष्मी सारधे एवं ब्यूरो चीफ हरिभूमि उमेश वशिष्ठ की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन विशिष्टता प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रवण मेश्राम, सोमेश मेश्राम, हितेश गंगवीर, प्रकाश नाग, डिकेंद्र आलोक मेश्राम, हेमंत गजभीम ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

# 15 वें वित्त आयोग योजना एवं अधोसंरचना मद अन्तर्गत 843.93 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आभासी माध्यम से किया भूमिपूजन



**कुम्हारी।** राजधानी रायपुर में आयोजित नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम में अरुण साव माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन द्वारा कुम्हारी नगरपालिका क्षेत्र हेतु 15 वें वित्त आयोग योजना एवं अधोसंरचना मद अन्तर्गत 843.93 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन सम्पन्न किया गया । इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत हित ग्रहियों को प्रमाण पत्र एवं मकान की चाबी मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा अतिथियों द्वारा प्रदत्त किया गया । इस अवसर के साक्षी बनने नगरवासी सामुदायिक भवन में बड़ी संख्या नहीं में उपस्थित हुए । कुम्हारी भाजपा मण्डल के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजू निषाद, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव, सुजीत यादव, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, पी एन दुबे, राजमहंत ओंकार मारकंडे मीना वर्मा, तृप्ति वर्मा, रागिनी निषाद, बबीता वर्मा सहित महिलाओं ने इस कार्यक्रम को देखा सूना। कार्यक्रम स्थल सामुदायिक भवन की सम्पूर्ण व्यवस्था मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर के कुशल दिशा निर्देश पर सम्पन्न किया गया ।

# कलाकार बुक का रिकॉर्ड एवं भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड में विजय बोरकर का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com







कलाकार बुक का रिकॉर्ड एवं भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड में विजय बोरकर का हुआ सम्मान 18 जनवरी 2025 पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड और कलाकार बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में क्लासिकल डांस नटराज नृत्यलयम का नाम दर्ज हुआ जहां आर्ट व डांस को आगे बढ़ाने के लिए मल्टीपल वर्ल्ड रिकॉर्ड एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया ।

विजय बोरकर ने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूं तिलक भारती ग्रुप ऑफ स्कूल रायपुर नित्य वंदनम जिन्होंने मुझे इस 2025 रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया ,इन्होंने यह सामान दल्ली राजहरा वासियों को समर्पित किया है।

इन्होंने बताया कि यह संस्था मॉडर्न डांस अकैडमी व दल्ली मॉडर्न आर्टक्लब के लोग विगत 20 वर्षो से नृत्य एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे है।छत्तीसगढ़ स्तिथ बालोद जिला के दल्ली राजहरा क्षेत्र से देश विदेश में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया है जो कि निम्नलिखित है :-

1. ट्रैक्स इंटरनेशनल कार्निवल 2019 मलेशियाई - गोल्ड मैडल
2. अंतराष्ट्रीय डांस म्यूजिक फेस्टिवल - काठमांडू नेपाल- गोल्ड मैडल
3. 29वी राष्ट्रीय डांस एवं म्यूजिक कम्पटीशन - टाटा जमेशदपुर
4. केयर इंडिया रंग महोत्सव - कानपुर
5. अखिल भारतीय किरण संगीत समारोह - कटनी- म.प्र
6. इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल - कटक, उड़ीसा
7. हुनर रंग महोत्सव - आजमगढ़ उत्तरप्रदेश
8. 30वी राष्ट्रीय डांस एवं म्यूजिक कम्पटीशन - टाटा जमेशदपुर
9. 31वी राष्ट्रीय डांस एवं म्यूजिक कम्पटीशन - टाटा जमेशदपुर
10. कटक नृत्योत्सव 2012- कटक उड़ीसा
11. संस्कृति संगम महोत्सव - गुवाहाटी असम
12. संगम महोत्सव - नागपुर
13. नृत्यधाम कला समिति - देश राग - छत्तीसगढ़
14. भारत संस्कृति महोत्सव - छत्तीसगढ़
15. अंतराष्ट्रीय कला महोत्सव - हिंदुस्तान कला सोसाइटी - छत्तीसगढ़
16. अंतराष्ट्रीय कला हार्मोनी - देश राग छत्तीसगढ़

## नृत्य के क्षेत्र में प्राप्त अवार्ड

1. कला रत्न अवार्ड कटक उड़ीसा
2. द प्राइड ऑफ छत्तीसगढ़ - धमतरी
3. अंत्योदय जन कल्याण मेला द्वारा कला रत्न सम्मान
4. जिला विधिक सेवा सम्मान बालोद
5. गुरु सम्मान -भारत संस्कृति महोत्सव
6. महात्मा ज्योतिबा फुले फेलोशिप अवार्ड - भारतीय दलित साहित्य अकादमी
7. गुरु सम्मान -संस्कृति संगम महोत्सव - गुवाहाटी असम
8. सोविनियर अवार्ड - नृत्यधाम कला समिति - छत्तीसगढ़
9.नृत्यधाम कला समिति देशराग
10 छत्तीसगढ़ रत्न अवार्ड 2023
11 गणतंत्र दिवस 2024 अवार्ड

और भी

कुल - 02 अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता
25 राष्ट्रीय प्रतियोगिता
18 से अधिक नृत्य सम्मान

नृत्य के क्षेत्र में पिछले 20 वर्षो से , बोरकर लगातार प्रयत्नशील रहे और हमेशा से एक ही लक्ष्य रहा की मैं अपनी नृत्य कला से अपने राज्य एवं देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिला सकूं।

कई वर्षो के प्रयास के पश्चात ट्रेक्स इंटरनेशनल कार्निवल 2019 मलेशियाई गोल्ड मेडल जीत कर अपने राज्य और देश के नाम को रौशन कर पाया और आगे भी मेरा यही प्रयास रहेगा कि इस दिशा में अग्रसर रहते हुए देश एवं राज्य का नाम रोशन कर सकूं!

# एफीडेविट की शादी को किया गया है शून्य : डॉ. किरणमयी नायक

## सोशल मिडिया में दोबारा फोटो अपलोड करने पर होगी कार्यवाई

■ महिलाओं को सजग और सचेत रहने की विशेष आवश्यकता है महिला आयोग की अध्यक्ष ने 5 प्रकरणों की सुनवाई की

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य गण प्रियम्वदा सिंह जूदेव व सरला कोसरिया द्वारा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष जशपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर आज 302 सुनवाई हुई। आवेदिका गण उपस्थित अना0 उप0 शेष अना0 क्र 1 और 3 अनुपस्थित। आवेदिकागण ने आयोग के समक्ष दो शिकायतें रखी हैं 1. आवेदिका गण के पिता व सभी अनावेदकगण उनके संयुक्त परिवार की हिस्सा बंटवारा अभी तक नहीं कराया गया है। तपकरा में आवेदिकागण की मां ने अपनी मेहनत और जमा पूंजी से मकान को रिपेयर कराये थे और वहां पर दुकान डाली थी जिससे उनका जीवन यापन होता था लेकिन आवेदिकागण के माता को सभी अनावेदकण मारपीटी करके 4 साल पहले घर से बाहर निकाल दिया है। वर्तमान में आवेदिकागण अपने मामा के घर अपने मां के साथ निवासरत् है। अनावेदक को पूछा गया तो उन्हें तपकरा के मकान में आवेदिका व उनके मां को रहने में कोई दिक्कत नहीं है बोले हैं। इस स्तर पर आयोग की ओर से शिखा शर्मा को नियुक्त किया जाता है। मौके पर जाकर उन्हें उनके मकान में रहने की और अनावेदकगण की विरोध न करने का समझाईश दी गई। उभय पक्ष को प्रोटेक्शन ऑफिसर को तपकरा थाना से 2 आरक्षक लेकर जाने की समझाईश दी गइ।

25 जनवरी को उभय पक्ष मौजूद रहें मकान में अपने निवास करने का आदेश दिया गया। आवेदिकागण तहसीलदार फरसाबहार के पास बटवारा हेतु आवेदन प्रस्तुत करें। और इस प्रकिया को 2 माह में पूर्ण कराने हेतु कलेक्टर जशपुर को पत्र प्रेषित किया जायेगा। कि वह संपूर्ण बंटवारा कर रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करें। इस प्रकरण को आयोग की सदस्य जूदेव जी को सौंपा जाये एवं कले. तह0 से समन्वय स्थापित कर प्रकरण को निराकृत करने को आदेशित किया गया।

ऑडर सीट की निःशुल्क प्रमाणित प्रतिलिति आवेदिकागणों को और उपस्थित अनावेदकगणों एवं सरक्षण अधिकारी को दिया जाता है। आवेदिका द्वारा आज सुनवाई के दौरान प्रकरण समाप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि आवेदक के साथ में आपसी विवाद समाप्त हो चुके हैं और वह प्रकरण आगे नहीं चलाना चाहती है। अतः आयोग द्वारा प्रकरण नस्ती बद्ध किया जाता है। उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका ने बताया कि उसकी समस्या का समाधान हो गया और सुलहनामा भी हो गया है उसने अपना प्रकरण वापस लेना चाहती है। आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका के विवाह के बाद अनावेदक ने आवेदिका की फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट कर उसे बदनाम करने का प्रयास किया था आज आयोग में बताया कि उसने आवदिका के साथ एफीडेफिट के माध्यम से शादी किया था इसलिए उसने ऐसा किया था।

फिर आवेदिका ने थाना बगीचा में अनावेदक के खिलाफ शिकायत किया था। जिस पर पुलिस ने 151 की कार्यवाही की गई थी। उसने सारे मूल दस्तावेज थाना बगीचा में जमा कर दिये है। एवं अनावेदक के पास कोई अतिरिक्त फोटो नहीं है। इस स्तर पर दोनों पक्षों को समझाईश के बाद प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

# खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन पर दोषियों पर कार्यवाही, लाखों का अर्थदंड

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी गुड्डू लाल जगत द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की विभिन्न धाराओं के तहत जिले में खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों और फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई है। इसके अंतर्गत कई दोषियों पर अधिनियम की धारा 51, 52 और 58 के तहत अर्थदंड लगाया गया है।

**दोषियों पर लगाया गया जुर्माना–** गिरधारी लाल गुप्ता, फर्म मुरारी फैमिली रेस्टोरेंट एवं स्वीट्स, नवागढ़ चौक बेमेतरा पर बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के फर्म संचालन का दोषी पाया गया। उन्हें 4,00,000/- का जुर्माना लगाया गया। सुरेश माहेश्वरी, पिता बिरदी चन्द माहेश्वरी, फर्म मेसर्स रामेश्वरी ट्रेडर्स, ब्लॉक बेरला, जिला बेमेतरा को मिथ्याछाप (गलत लेबल) खाद्य पदार्थ नुपुर कोरिडर पाउडर (पैक्ड) के विक्रय का दोषी पाया गया। इस पर उन्हें 1,00,000/- का जुर्माना किया गया। छन्नूलाल देवागन, पिता भूखिराम देवागन, फर्म मडेला स्वीट्स, गौरव पथ रोड बेमेतरा पर अवमानक (घटिया) मिठाई कलाकंद (लूज) के निर्माण एवं विक्रय का दोषी पाया गया। उन्हें 3,00,000/- का जुर्माना भुगतना पड़ेगा। सुशील कुमार, पिता स्व. विजय पाल, फर्म स्थाति आरकोन प्रा. लि., ग्राम कारेसरा, तहसील थानखम्हरिया बेमेतरा पर अवमानक पेय पदार्थ रेड वाइन के उत्पादन का दोषी पाया गया, जिस पर 5,00,000/- का जुर्माना लगाया गया। अश्वनी साहू, पिता शत्रुहन साहू, फर्म मेसर्स अश्वनी किराना स्टोर्स, ग्राम पडकीडीह, बेमेतरा पर अवमानक अरहर दाल (लूज) के विक्रय का दोषी पाया गया, जिस पर 50,000/- का जुर्माना किया गया। ललित कुमार साहू, पिता चिताराम साहू, फर्म - मेसर्स अपना ढाबा, पिकरी, बेमेतरा पर अवमानक वेजग्रेवी (लूज) के निर्माण एवं विक्रय का दोषी पाया गया। इस पर उन्हें 3,00,000/- का जुर्माना लगाया गया।

**जुर्माने की राशि जमा करने के आदेशः** अपर कलेक्टर ने दोषी फर्म संचालकों को 10 दिनों के भीतर जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। यदि जुर्माना निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किया गया, तो राशि की वसूली भू-राजस्व बकाया की भांति की जाएगी। जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नगर पंचायत अध्यक्ष बनने कांग्रेस से 6 महिलाओं ने की दावेदारी

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत उतई में संपन्न होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के संबंध मे उतई नगर के कांग्रेस के चुनाव प्रभारी प्रदीप शर्मा ने चुनाव संबंधी बैठक ली। जिसमें सभी वार्डो से दो दो तीन तीन नाम निकल कर सामने आए। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए प्रमुख रूप से राधिका हिरवानी, दुर्गा साहू, हीरा देवी वर्मा, दीपमाला देशलहरे, पूनम हीरवानी, हुलसी वर्मा सहित 6 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। सभी प्राप्त आवेदनों को स्वीकार किया गया एवं वार्डो के लिए कल शाम तक आवेदन जमा करने समय निर्धारित किया। चुनाव प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बैठक में सभी से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, केश कला बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, पार्षद गण तोशन साहू, प्रहलाद वर्मा, राकेश साहू, पूर्व एल्डरमेंन प्रेमनारायण साहू, शैलेश देवांगन, चोवाराम साहू, मुकेश साहू, धनंजय नेताम, द्वारिका साहू, पार्षद बीरेंद्र गोस्वामी, खेमन मंडावी, भरत मंडावी, संजय गोस्वामी, नंदकुमार, लोकनाथ भारती, संजय श्रीवास्तव, विजय पांडेय, मुकेश साहू, टीकम डोडे, अजय कुमार ढीमर, महिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य सरोज ठाकुर, रामशिला, सुनीति साहू, पिंकी ढीमर, पार्वती मंडावी, हीरा वर्मा, हुलसी वर्मा, राधिका हिरवानी, सुनीति साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कवर्धा जिला अस्पताल परिसर में बनेगा 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल

## कबीरधाम जिले को मिली 17.23 करोड़ रूपए की सौगात

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त और व्यापक बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत जिले के जिला चिकित्सालय में 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के निर्माण और टू-नाट लैब तथा फिजियोथेरेपी सेंटर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्य दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ। इन कार्यो की कुल स्वीकृत राशि 17.23 करोड़ रूपए है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार और सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा प्रवास के दौरान स्वीकृत कार्यों के लिए स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से जिलेवासियों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शिरकत की। जिला पँचायत अध्यक्ष मती सुशीला भट्ट एवं सभापति रामकुमार भट्ट ने इन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, चन्द्र प्रकाश चन्द्रवशी सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**50 बेड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक से जिले को मिलेगी नई सुविधा–**जिला चिकित्सालय में 50 बेडेड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के निर्माण के लिए 16.63 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह हॉस्पिटल ब्लॉक आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से लैस होगा। गंभीर रोगियों के इलाज के लिए यह अत्यंत उपयोगी साबित होगा, जिससे जिलेवासियों को इलाज के लिए अन्य बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

**टू-नाट लैब और फिजियोथेरेपी सेंटर का लोकार्पण–**जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तहत जिला चिकित्सालय में 60.62 लाख रूपए की लागत से टू-नाट लैब और फिजियोथेरेपी सेंटर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इनका लोकार्पण आज संपन्न हुआ। टू-नाट लैब के जरिए जिले में टीबी और अन्य गंभीर बीमारियों की त्वरित पहचान और इलाज संभव होगा, जबकि फिजियोथेरेपी सेंटर मरीजों को आधुनिक पुनर्वास सेवाएं प्रदान करेगा। क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक में अत्याधुनिक आईसीयू सुविधाएं उपलब्ध होंगी, इसे इस तरह समझ सकते है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भूमिपूजन से पहले स्थल का अवलोकन किया। इस दौरान राज्य शासन द्वारा स्वीकृत क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक में जिले वासियों को निर्माण के बाद मिलने वाली अत्याधुनिक आईसीयू सुविधा के बारे विस्तार से जानकारी ली। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि निर्माण के बाद जिले में गंभीर बीमारियों के इलाज में सुधार होगा। क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक में अत्याधुनिक आईसीयू सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगी। टू-नाट लैब के माध्यम से रोगों की सटीक और शीघ्र पहचान हो सकेगी। आधुनिक पुनर्वास सेवाएं जैसे फिजियोथेरेपी सेंटर से मरीजों को आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध होंगी। बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी। जिले में इन नई सुविधाओं के शुरू होने से कवर्धा और आसपास के इलाकों के मरीजों को रायपुर या अन्य बड़े शहरों में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

# चंदनू हायर सेकंडरी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में आम नागरिकों में यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता लाने हेतु जिला बेमेतरा में 18.01.2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह - 2025 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनू में पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहभागिता से स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता लाने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनू के 12 प्रतिभागी चंद्रकली, आशा, विनिता, योगिता, प्रिया, युक्ति, दिव्या, सीमा, निशा, छेदनी, भारती, रोहणी के रूप में सम्मिलित हुये। बच्चों के द्वारा यातायात जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को समापन दिनांक को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं चयन परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित





■ परीक्षा में कुल 10,373 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 6,845 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को कबीरधाम जिले में सफलता पूर्वक आयोजित हुई। यह परीक्षा जिले के बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और कवर्धा विकासखंड के कुल 26 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुई। जवाहर नवोदय उड़ियाकला कबीरधाम के प्राचार्य एन. के. लांजेवार ने बताया कि कक्षा 6वीं में कुल 80 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। इस बार परीक्षा में कुल 10,373 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 6,845 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10 प्रतिशत अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा जिला कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इसके कुशल संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी वाय. डी. साहू, सहायक शिक्षा अधिकारी यू. आर. चंद्राकर और एन. के. गुप्ता सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। जवाहर नवोदय उड़ियाकला कबीरधाम के प्राचार्य ने जिले के सभी पदाधिकारियों, परीक्षा केंद्राध्यक्षों, केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षकों, जेएनवीएसटी प्रभारी संजयकिशोर, कार्यालय स्टाफ और सहायक कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# आबकारी एक्ट का एक प्रकरण में दो आरोपियों के कब्जे से 65 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब एवं कर जप्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ को पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम कोहडिया का मुकेश वर्मा अपने एक दौस्त के साथ एक काला रंग के कार क्रमांक सीजी 04 के पी 0077 में शराब लाकर अपने पान ठेला के पास कार को खडी कर अपने दोस्त के साथ मिलकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा हैं। कि सूचना पर पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर रेड कार्यवाही किया गया। जहां वाहन कि तलाशी लेने पर वाहन से 65 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब किमती 8,775 /- रूपये, शराब बिक्री रकम 4030/- रूपये कुल जुमला 12,805 /- रूपये एवं कार क्रमांक सीजी 04 के पी 0077 कीमती करीबन 3,00,000/- रूपये, कुल जुमला कीमती 3,12,805/- रूपये के साथ रंगे हाथों पकड़ कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया। मुकेश वर्मा पिता स्व. मोतीलाल वर्मा उम्र 33 साल साकिन कोहडिया पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा। सुरज पाण्डेय पिता उमाकांत पाण्डेय उम्र 31 साल साकिन वार्ड नं. 26 सिन्धी कॉलोनी दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक संजय पाटिल, मोती जायसवाल, पीलाराम साहू, दिनेश साहू, टेकेन्द्र यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर और डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्यवाही

# कलेक्टर एवम पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com







कलेक्टर एस. जयवर्धन एवम पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करने को कहा। कलेक्टर जयवर्धन ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखें। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित एवम सख्त कार्यवाही करें। कलेक्टर एवम पुलिस अधीक्षक ने 26 जनवरी, पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए विशेष मॉनिटरिंग करने, जिले में शांति बनाए रखने और सुरक्षा के विशेष उपाय करने के निर्देश दिए। आने वाले चुनाव को देखते हुए अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के संबंध में चर्चा करते हुए सड़क सुरक्षा के हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग और विभिन्न सड़कों का निरीक्षण ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने और निर्मित सड़कों में किसी भी तरह की गड़बड़ी की पहचान करने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सुरक्षा एवं यातायात सुचारु करने के लिए भी नियमित पेट्रोलिंग कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात सुरक्षा पर जागरूकता को लेकर स्कूल, महाविद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि दुर्घटनाओं को रोककर लोगों की जान बचाई जा सके।

# गौतम चंद्रा अनेको पदों पर शोभाऐमान

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



गौतम चंद्रा जो ब्लाक जैजैपुर के तुषार ग्राम पंचायत में निवासरत है और आप पेसे से स्वास्थ विभाग में बेलादुला में आर एच ओ के पद पर कार्यरत है और आपने अपने मूल कार्य आर एच ओ के साथ साथ जैजेपुर ब्लाक का लेप्रोसी विभाग में NMA (इंचार्ज) का भी दायित्व दिया गया है और साथ साथ आप स्वास्थ एवं बहुद्देशीय कर्मचारी संघ का सक्ति जिलाध्यक्ष है ग्राम भारती सरस्वती शिशु मंदिर का सक्ति जिला सहसचिव है। आरोग्य भारती (वन औषधि) का सक्ति जिला अध्यक्ष का भी दायित्व है स्वास्थ संयोजक कर्मचारी संघ का जैजैपुर ब्लाक अध्यक्ष का दायित्व है सरस्वती शिशु मंदिर तुषार का अध्यक्ष का दायित्व है, आप को उक्त पदों का दायित्व दिया गया है और आप आज तक सभी पद का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वाहन कर रहे है। आपने अपने पूरा समय संग के लिए समर्पित रहते है, आपने आज तक कर्मचारियों का हर छोटे से छोटे समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर आपने निराकरण कराए है, आप हमेशा आगे बढ़ते रहे हम सब का आशीर्वाद हमेशा आपके साथ है। शुभेच्छु लीलाधर सिंह चंद्रा डायरेक्टर स.शिशु मंदिर तुषार, उत्तम चंद्रा शिक्षक रायपुरंग।

# 8 निकायों के 164 केंद्रों में 86,461 और पंचायतो में 1,282 मतदान केंद्रों में 6 लाख से अधिक मतदाता चुनेंगे गाँव से लेकर नगर सरकार

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा के उपरांत बालोद जिले में भी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार बालोद जिले में नगरीय निकायों का निर्वाचन एक चरण एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों का निर्वाचन कार्य तीन चरणों में संपन्न कराया जाएगा। इसके अंतर्गत त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत प्रथम चरण में जिले के डौंडीलोहारा एवं डौंडी ब्लॉक, द्वितीय चरण में बालोद एवं तृतीय चरण में गुरूर एवं गुंडरदेही ब्लॉक में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा। नगरीय निकाय आम



निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले के नगर पालिका परिषद बालोद, दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत गुरूर, गुंडरदेही, डौंडीलोहारा, डौंडी चिखलाकसा एवं अर्जुंदा सहित कुल 8 नगरीय निकायों में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा। जिले के कुल 8 नगरीय निकायों के लिए कुल 164 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

**15 फरवरी को की जाएगी परिणामों की घोषणा**-जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सोमवार की शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जिले के 8 नगरीय निकाय जहाँ पर निर्वाचन संपन्न किया जाना है। इन सभी नगरीय निकायों के मतदाताओं की कुल संख्या 86 हजार 461 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 41 हजार 208, महिला मतदाताओं की संख्या 45 हजार 252 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या एक है। इसी तरह त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के 5 जनपद पंचायतों में कुल 1 हजार 282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जनपद पंचायतों में मतदाताओं की कुल संख्या 6 लाख तीन हजार 771 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 97 हजार 317, महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 06 हजार 448 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा के अनुसार 22 जनवरी 2025 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 28 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) (रिटर्निंग आफ्सिर द्वारा) हेतु 29 जनवरी, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने, प्रकाशन करने और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन करने (रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा) हेतु 31 जनवरी निर्धारित की गई है। मतदान 11 फरवरी 2025 को किया जाएगा तथा मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा (रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा) 15 फरवरी 2025 को की जाएगी।

**3 फरवरी को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि**-जिले में तीन चरणों में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु समय अनुसूची जारी किया गया है। जिसमें प्रथम चरण में डौंडीलोहारा और डौंडी ब्लॉक, द्वितीय चरण में बालोद और तृतीय चरण में गुरूर और गुंडरदेही ब्लॉक में निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। उक्त तीनों चरणों में 27 जनवरी 2025 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) किया जाएगा।

# 80 पदो के लिए 24 एवं 25 जनवरी 2025 को सेजेस बेमेतरा में साक्षात्कार आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाढ़ी के व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., व्याख्यात रसायन (अंग्रेजी माध्यम), 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सेजेस शिवलाल राठी बेमेतरा, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सेजेस सिंघौरी व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सेजेस नवागढ़ व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद ज.ज.जा., शिक्षक हिन्दी/संस्कृत, 01 पद अ.ज.जा., शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सेजेस नांदघाट व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सेजेस मारो व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सेजेस बेरला व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सेजेस कठिया रांका व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सेजेस कुसमी व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित।

# नवनियुक्त जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम ने कार्यभार किया ग्रहण

## कलेक्टर अग्रवाल ने अधिकारियों के बीच किया कार्य विभाजन

- अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर को एसडीएम गरियाबंद का प्रभार
- अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपूत बने उप जिला निर्वाचन अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा जिले के लिए नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत घासीदास मरकाम ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसी प्रकार नव नियुक्त अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर ने भी कार्यभार ग्रहण कर लिया है। तत्पश्चात कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन कर कार्यो का दायित्व सौंपा है। जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपूत को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन बनाया गया है। इसी प्रकार अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर को गरियाबंद एसडीएम बनाया गया है। कुमार सिंह नागेश जिला अंकेक्षक (पंचायत) को प्रभारी उप संचालक पंचायत का प्रभार दिया गया है। लिंक अधिकारी - कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत/ अपर कलेक्टर/संयुक्त कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर की अनुपस्थिति/ अनुपलब्धता की दशा में लिंक ऑफिसर नियुक्त किया है। जिसके अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के लिंक अधिकारी अरविंद पाण्डेय अपर कलेक्टर होंगे।अरविंद पाण्डेय अपर कलेक्टर के लिंक अधिकारी प्रकाश सिंह राजपूत अपर कलेक्टर होंगे। प्रकाश सिंह राजपूत अपर कलेक्टर के लिंक अधिकारी नवीन भगत अपर कलेक्टर, नवीन भगत अपर कलेक्टर के लिंक अधिकारी ऋषा ठाकुर अपर कलेक्टर होंगे। इसी प्रकार ऋषा ठाकुर अपर कलेक्टर के लिंक अधिकारी नवीन भगत अपर कलेक्टर तथा डिप्टी कलेक्टर सु अंजली खलखो के लिंक अधिकारी ऋषा ठाकुर अपर कलेक्टर होंगे।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन-2025 की घोषणा के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेस-वार्ता

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन करवाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन -2025 की तारीखों का एलान कर दिया है। इसी के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। इसके साथ ही लायसेंसी शस्त्र थाने में जमा कराये जाने एवं अवैध शराब परिवहन रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश जारी कर दिये गये है। जिले में लोक धन से लगाये गये सभी होडिंग, पोस्टर, बेनर आदि सभी सार्वजनिक स्थल/भवनों से हाटाना शुरू हो गया है। जिले की सभी नगरीय, ग्रामीण क्षेत्र (नगर पंचायत मारो को छोड़कर) एवं ग्राम पंचायतों में प्रायीबंधात्मक धारा 163 लागू कर दी गयी है। सभी अधिकारी/कर्मचारियों के




अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त जानकारी आज यहाँ कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने दी।'बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन मती अंकिता गर्ग एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। 'कलेक्टर शर्मा ने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन 2025 कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय अध्यक्ष/पार्षदों के स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध और मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 22. 01.2025 (बुधवार) को होगा। नाम निर्देशन पत्र 22.01.2025 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28.01.2025 (मंगलवार) है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 29.01.2025 (बुधवार) को होगी। अभ्यर्थी नाम वापस लेने की तिथि 32.01.2025 (शुक्रवार) अपराह्न 3.00 बजे तक है। इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार होगी और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। मतदान 11.02.2025 (मंगलवार) को प्रातः 8.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन की घोषणा 15.02.2025 (शनिवार) को होगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पदों के निर्वाचन प्रथम एवं तृतीय चरण में होगा। प्रथम चरण में बेमेतरा और नवागढ़ में और तृतीय चरण में बेरला और साजा में संपन्न होगा। स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध और मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 27.01.2025 (सोमवार) को होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03.02.2025 (सोमवार) अपराह्न 3.00 बजे तक है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 04.02.2025 (मंगलवार) है। अभ्यर्थी नाम वापस लेने की तिथि 06.02.2025 (गुरुवार) और इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार होगी और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रतीकों का आवंटन के बाद होगा। प्रथम चरण का मतदान 17.02.2025 (सोमवार) को प्रातः 7.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक होगा। मतगणना भी मतदान समाप्ति के बाद शुरू होगी। तृतीय चरण का मतदान 23.02.2025 (रविवार) को को प्रातः 7.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक होगा। मतगणना भी मतदान समाप्ति के बाद शुरू होगी।

# आदर्श आचरण संहिता लागू, निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक शासकीय विश्राम गृहों में राजनैतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावी हो गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन घोषणा की तिथि 20 जनवरी 2025 से लेकर निर्वाचन समाप्ति तक कोई भी राजनैतिक दल के नेता, मंत्री, या सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी शासकीय या अर्द्धशासकीय विश्राम गृहों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस आदि में राजनैतिक उद्देश्यों से ठहरने या चुनाव प्रचार-प्रसार करने का अधिकार नहीं रखेंगे। पात्रतानुसार और उपलब्धतानुसार उन्हें विश्राम गृहों में ठहरने की अनुमति दी जा सकती है, किन्तु इसके लिए निम्न शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा जिसके अंतर्गत भोजन आदि की कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी, और ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि लेकर विधिवत रसीद दी जाएगी। टेलीफोन कॉल्स का रिकॉर्ड अलग से रखा जाएगा, और कॉल के शुल्क की तुरंत वसूली की जाएगी। ठहरने वाले का नाम, पता और ठहरने का प्रयोजन एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। साथ ही, आगन्तुकों का पूरा विवरण भी संधारित किया जाएगा। यह जानकारी निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक या पदाधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

शासकीय विश्राम भवनों और गेस्ट हाउस का आरक्षण जिला मुख्यालय में जिला सत्कार अधिकारी द्वारा और अन्य स्थानों पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा किया जाएगा। आरक्षण में प्राथमिकता निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक और निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों को दी जाएगी। निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारियों के लिए विश्राम गृहों में सदैव कक्ष आरक्षित रखे जाएंगे। इसके पश्चात् कक्ष उपलब्ध होने पर अन्य लोगों को स्थान आबंटित किया जा सकेगा।

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गयी सख्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाने जैसी लापरवाहियों पर कार्यवाही की गई है। इसके अंतर्गत नाबालिगों के वाहन चलाने पर कार्यवाही करते हुए 7 मामलों में नाबालिग पर मोटर वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही की गई। 14 लोगों पर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों पर चालान किया गया। जनवरी माह में अभी तक कुल 108 लोगों पर ओवरस्पीडिंग पर कार्यवाही हो चुकी है। मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वाले 10 लोगों पर 185 एमवी एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की गई। अभी तक



जनवरी माह में कुल 78 logo पर 185 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही हो चुकी है। विशेष अभियान के तहत कोरबा पुलिस ने प्रमुख सड़कों पर सफेद पेंट और रेडियम पट्टीकरण किया जा रहा है, जिससे सड़क किनारे एवं डिवाइडर्स रात में स्पष्ट दिखाई दें। कोरबा पुलिस ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करी हैं। उन्होंने कहा हैं की माता-पिता सतर्क रहें। नाबालिग बच्चों को वाहन न दें, यह न केवल उनके जीवन के लिए खतरनाक है, बल्कि कानूनी कार्यवाही का कारण भी बन सकता है। उन्होंने आगे कहा की ओवरस्पीडिंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, जिम्मेदार वाहन चालक बनें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। अगर कोई व्यक्ति मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर वाहन चला रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। यह न केवल कानूनी नियम है, बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है। रेडियम पट्टियों और रोड मार्किंग का सम्मान करें और सड़क पर सतर्कता बनाए रखें।

# पूर्व बाल सरंक्षण आयोग के अध्यक्ष की धर्मपत्नी ललिता जैन ने की भाजपा से दावेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर दावेदार सक्रियता के साथ अपनी पकड़ और टिकट पक्का करने की जुगत में जुट गए हैं। बालोद नगरपालीका में अध्यक्ष पद हेतु जहां भाजपा से 15 और कांग्रेस में 13 लोगों ने दावेदारी की है, वही 20 वार्ड के लिए पार्षद हेतु भाजपा में कुल 105 और कांग्रेस से 60 लोगों ने दावेदारी की है। इसी बीच भाजपा से अध्यक्ष के लिए एक बड़ी दावेदारी सामने आई हैं। छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन की धर्मपत्नी ललिता जैन ने अध्यक्ष पद हेतु चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर करते हुए आवेदन मंडल को आवेदन प्रस्तुत किया है। 10 वर्ष बाद बालोद नगरपालीका अनारक्षित महिला होने से इस 2025 से आने वाले 5 साल तक नगर की कमान फिर एक बार मातृशक्ति के हाथों में होगी। जिसे लेकर दोनों ही प्रमुख पार्टियों से मजबूती के साथ महिला दावेदार अध्यक्ष चुनाव लड़ने सामने आ रहे है। इन



दावेदारों में कुछ पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता है, तो कुछ 2 या 3 बार के रह चुके पार्षद व जनप्रतिनिधि है, तो कुछ पहली बार दावेदारी कर रहे है, तो कोई नया चेहरा। अब ऐसे में दोनों ही पार्टियों में चुनाव जीतने वाला प्रत्याशी का चयन थोड़ा पेचीदा हो सकता है। क्योंकि 10 वर्ष पूर्व यहां भाजपा समर्थित महिला अध्यक्ष थी, फिर 10 वर्ष बाद महिला अध्यक्ष काबिज होगी, नहर की कमान महिला के हाथों में होगी।

**अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतरते रहे यशवंत**-भाजपा के कद्दावर नेता यशवंत जैन भाजपा की राजनीति में भाजपा के प्रदेश मंत्री, प्रवक्ता एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य रहे। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मंत्री के अलावा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय टीम में दो बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए थे। बालोद जिला और अविभाजित दुर्ग जिले की राजनीति में यशवंत जैन का दखल लगातार पिछले 32-34 वर्षो से लगातार रहा है। संगठनात्मक लगभग सभी प्रमुख पदों पर भाजपा ने उन पर लगातार भरोसा किया है और यशवंत जैन उन दायित्वों पर खरे उतरे हैं।

**ललिता जैन का नाम मजबूती से आ रहा सामने**-भाजपा के वरिष्ठ ने नेता यशवंत जैन की पत्नी ललिता जैन का नाम मजबूती से नगरपालिका अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। वही पार्टी सूत्रों की माने तो भाजपा नेता यशवंत जैन की पत्नी ललिता जैन भी बालोद नगरपालिका के चुनाव में अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हो सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकटों के दावों के बीच जिला मुख्यालय के कई भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों ने ललिता जैन को प्रत्याशी बनाने की मांग की है, वही भाजपा के कार्यकर्ताओ की एक बैठक से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को जिताने की चर्चा के दौरान ललिता जैन को टिकट मिलने पर भाजपा के कार्यकर्ताओ द्वारा पूरी मजबूती से कार्य करने और जीत दिलाने के दावे किए जाने की बात भी सामने आई है।

## कलेक्टर अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

# निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए कार्यक्रम की घोषणा आज जारी कर दी गई है। इसके साथ ही प्रदेश सहित गरियाबंद जिले में भी आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। जारी कार्यक्रम अनुसार जिले के पांचों नगरीय निकाय में 11 फरवरी को चुनाव होगा। इसी प्रकार पंचायत निर्वाचन अंतर्गत गरियाबंद, मैनपुर ब्लॉक में 17, छुरा में 20 एवं फिगेश्वर, देवभोग में 23 फरवरी को मतदान होगा। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गया है। इसके मद्देनजर जिले में निष्पक्षता और सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी समय-सीमा में सभी तैयारी सुनिश्चित करें। निर्वाचन की सभी तैयारियां कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने मतदान दल का गठन, मतदान अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण, मतपत्र मुद्रण, फ्रुफ रीडिंग, शिकायत सेल का गठन, नियंत्रण कक्ष, मीडिया एवं व्यय मॉनिटरिंग इकाई का



संचालन, निर्वाचन सामग्री, वितरण, वापसी, ईवीएम कमिशनिंग, मतगणना की तैयारी सहित मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित अवधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित रिटर्निंग अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में बताया कि इस बार नगरीय निकायों में मतदान ईवीएम मशीन के माध्यम से होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मत पेटियों में वोट डाले जायेंगे। उन्होंने इसकी भी तैयारी अच्छे से करने के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। साथ ही मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कर्मचारियों की ट्रेनिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने नाम निर्देशन की आवश्यक तैयारी करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नामांकन स्थल का चयन कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही नामांकन के दौरान कोई भी त्रुटि न हो इसकी भी तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान दिये गये दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने तथा मतदान दलों का ट्रेनिंग के लिए कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिये।

**Name Change**

By this deed I, the undersigned **NANDANI** (new name), now lately called **NANDANI BAI** (old name), do hereby:

1. Wholly renounce, relinquish and abandon the use of my wife's former name/surname of **NANDANI BAI** and in place thereof do hereby assume from this date the name **NANDANI** and so that I may hereafter be called, known and distinguished not by my former name but assumed name/surname of **NANDANI**.
2. For the purpose of evidencing such my determination, declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well and upon all occasions what-so-ever use and sign the name of as my name/surname in place and in substitution for my former name/surname.
3. Expressly authorize and request all persons at all times hereafter to designate and address my wife by such assumed name of **NANDANI**.
4. In witness whereof I have here unto subscribed my wife's former and adopted name of **NANDANI** and affix my signature.

Place : Dalli Rajhara
Date : 17/01/2025

**न्यायालय तहसीलदार, रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /अ-21/2024-25
क्रमांक/132/वाचक/तह./2025 रामानुजगंज दिनांक 17/01/2025

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम-लुरगी को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा प्रसाद तिवारी आ. स्व. रामेश्वर तिवारी निवासी नगर रामानुजगंज थाना व तहसील-रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.) के द्वारा श्रीमान् कलेक्टर महोदय बलरामपुर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन जाँच कर प्रतिवेदन अभिमत सहित प्रतिवेदन चाही गई है। आवेदन का संक्षिप्त इस प्रकार है कि ग्राम लुरगी स्थित भूमि खसरा नम्बर 103/2 रकबा 1.20 हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है, जिसका व्यवसायिक मद में व्यपवर्तन भी कराया जा चुका है। आवेदक उक्त भूमि को स्वेच्छा पूर्वक सेवा सत्कार से खुश होकर अपने पुत्र पीयुष कुमार तिवारी को दान पत्र के माध्यम से देना चाहता है। जिस हेतु आवेदक द्वारा अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 27/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर रा-गंज (छ.ग.)

# विधायक मोतीलाल साहू ने वार्ड 4 में विभिन्न कार्यों के लिए 91 .42 लाख रुपए की दी सौगत





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 48 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 के तहत यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 के क्षेत्र में रिंग रोड नम्बर 2 के सर्विस रोड से लेकर समस्त गुजराती लोहार समाज भवन तक अधोसंरचना मद के अंतर्गत 91 लाख 41 हजार रूपये की स्वीकृत लागत से सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण कार्य एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य शीघ्र करने श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 की पूर्व पार्षद टेसू नंदकिशोर साहू, जोन 1 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, गजाराम कँवर सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आमजनों की उपस्थिति के मध्य नवीन स्वीकृत विकास कार्यों को भूमिपूजन करते हुए प्रारम्भ करवाया. रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को तत्काल स्वीकृति अनुसार जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से निगम जोन 1 के यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 के क्षेत्र में सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण कार्य और पाईप लाईन विस्तार कार्य प्रारम्भ करवाकर सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा के भीतर उच्च स्तरीय गुणवत्ता सहित प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है . वार्ड क्रमांक 4 की पूर्व पार्षद श्रीमती टेसू नंदकिशोर साहू ने रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू को नगर निगम जोन 1 के वार्ड नम्बर 4 के क्षेत्र में 91 लाख 42 हजार रूपये के नवीन स्वीकृत विकास कार्य प्रारम्भ करवाने पर हार्दिक धन्यवाद दिया है . वार्डवासियों ने वार्ड 4 में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू द्वारा भूमिपूजन करके एकमुश्त 91 लाख 42 हजार रूपये के नए स्वीकृत विकास कार्य प्रारम्भ कराये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है.

## भाजपा प्रदेश महामंत्री से हेमराज ने की मुलाकात

**धमतरी।** नगरीय निकायों के चुनावों में अपनी दावेदारी को प्रबल करने हेतु हेमराज सोनी एवं उनकी टीम भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव से मुलाकात की और अपना विजन और तैयारी को लेकर लगभग 1घंटे चर्चा की जिसमें उन्होंने अपना पूरा बायोडेटा उनके समक्ष रखा और कहा कि यदि पार्टी उन्हें यदि अवसर देती है तो वो बहुत जबरदस्त मतों से महापौर की सीट और कम से कम 80 प्रतिशत सीट पार्षदों को जीत दिलाने की दावेदारी की। जिस पर प्रदेश महामंत्री ने उन्हें कहा कि ग्राउंड पर जाकर खूब मेहनत करो बाकी उनका समर्थन उनको मिलेगा और जरुर पार्टी का जो सर्वमान्य निर्णय होगा उनके पक्ष में आ सकता है। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं भी हेमराज सोनी को दी और कहा कि निर्णय चाहे जो भी आए पर उन्हें पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता का भाव लेकर काम करना है, जिस पर सोनी ने कहा कि वे हमेशा की तरह पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से काम करते रहेंगे और धमतरी की नगरीय निकाय में पार्टी को विजय दिलाएंगे। इस अवसर पर प्रणेश, दर्शन जैन, सुनील साहू, संदीप अग्रवाल, सत्तू वर्मा, संजय मंजवानी, गुड्डु गजेन्द्र, अभिषेक शर्मा और अनेक समाजसेवी भी उपस्थित हुए।

# छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बिजनेसगढ़ का फाउंडर्स मीटअप आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए बिजनेसगढ़ द्वारा रायपुर में एक खास फाउंडर्स मीटअप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य भर से 45 से अधिक स्टार्टअप फाउंडर्स ने भाग लिया, जो राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ और अन्य जिलों से आए थे। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए डॉ. त्रयंबिका गंजीर ने अपने आयुर्वेदिक वीमेन वेलनेस प्रोडक्ट्स अर्तवा का शुभारंभ किया। यह प्रोडक्ट महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथियों में ज़ॉफ के फाउंडर आकाश अग्रवाल और vSnapU के फाउंडर परमिंदर साहनी शामिल थे। उन्होंने अपनी प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं और नए स्टार्टअप फाउंडर्स को अपने अनुभव और सुझावों से मार्गदर्शन दिया। बिजनेसगढ़ के को-फाउंडर डॉ. डोमेंद्र सिंह गंजीर ने कहा, यह केवल शुरुआत है। हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ में एक मजबूत और प्रभावशाली स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण करना है। को-फाउंडर हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा, ऐसे कार्यक्रम स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। बिजनेसगढ़ आगे भी ऐसे आयोजन करता रहेगा, ताकि छत्तीसगढ़ के उद्यमियों को प्रोत्साहन और सही दिशा मिल सके। इस कार्यक्रम में नेटवर्किंग, सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप संस्कृति को नई ऊर्जा मिली। बिजनेसगढ़ भविष्य में और भी कार्यक्रमों का आयोजन करेगा, जिसमें स्टार्टअप्स को समर्थन और अवसर प्रदान किए जाएंगे।

# नपं उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने बोर खनन के लिए किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com

गर्मी शुरू होने से पहले ही बेहतर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पंचायत की ओर से बोर खनन कराया गया। सोमवार को नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने नगर के वार्ड क्रमांक 4 खटखटी रोड़ में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर के नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी भी तरह से दिक्क त का सामना ना करना पड़े इसके लिए वे हमेशा प्रयास करता है। पेयजल के लिए नगर में जगह जगह बोर खनन कर पेयजल आपूर्ति को सुगम बनाने का प्रयास जारी है। अब वार्ड में बोर होने से नागरिकों को पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके से पेयजल की आपूर्ति होगी। इस दौरान उनके साथ विधायक (डॉ.सम्पत अग्रवाल) कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, भाजपा युवा नेता आकाश सिन्हा,नगर पंचायत सीएमओ सुरज सिदार, नगर पंचायत कर्मचारियों एवं नगरवासी मौजूद थे।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 : गोडावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने पेश किए दो नए ई-स्कूटर और लॉन्च किया ई-ऑटो, हर जरूरत के लिए खास समाधान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने नए उत्पादों का अनावरण किया। कंपनी ने दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स इब्लू फियो ज़ेड और इब्लू फियो डीएक्स, और तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो इब्लू रोज़ी इको लॉन्च किया। कंपनी का उद्देश्य ऐसे वाहन बनाना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं, ऊर्जा की बचत करें और लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कंपनी ने अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह वाहन पेश किए हैं। इब्लू फियो ज़ेड को खासतौर पर शहर के अंदर कम दूरी के सफर के लिए डिजाइन किया गया है। यह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर दैनिक यात्रा की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वहीं, इब्लू फियो डीएक्स अधिक पावर और बेहतर प्रदर्शन के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है। इसकी कीमत 2,95,999 रु. (एक्स-शोरूम) तय की गई है। इसके अलावा, इब्लू रोज़ी इको, जो तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो है, बिजनेस के लिए एक उपयोगी विकल्प है। इसे विशेष रूप से ऑनलाइन ऑर्डर डिलीवरी, गोदाम से घर तक सामान पहुंचाने और यात्रियों को शहर के भीतर उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इन वाहनों के जरिए टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह पहल न केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ हैदर खान ने कहा कि ''इन तीनों नए वाहनों की पेशकश भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। कंपनी का लक्ष्य भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों को नई पहचान देना और इन्हें अधिक लोकप्रिय बनाना है। उन्होंने बताया कि कंपनी की रिसर्च और डेवलपमेंट टीम ने इन गाड़ियों को भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अगली पीढ़ी के मोबिलिटी समाधानों को किया पेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव.फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने ष्ट्रस्ष्ठ (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया। ड्राइव.फ्यूचर सोच को एक नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (HEVs), प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (PHEVs), बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (BEVs) और आंतरिक दहन इंजन (ICE) मॉडलों सहित विविध पावरट्रेन विकल्पों का प्रदर्शन किया। इसमें अत्याधुनिक बैटरी प्रबंधन प्रणाली वाले इनोवेटिव मॉडल, IMz और IM6, प्रीमियम प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन MG HS, भव्य SUV मॉडल रू कॉमेट BLACKSTORM और लक्ज़री स्न्न7 ट्रॉफी एडिशन शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ राजीव चाबा ने कहा, ÷हम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में CASE तकनीकों में अपनी अग्रणी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं।

## गणतंत्र दिवस का बधाई संदेश हिंदी में देने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तिरंगा वंदन मंच द्वारा पिछले आठ वर्षो से राष्ट्रीय पर्वो पर एक अभियान हमारी आशा - राष्ट्रभाषा चलाया जाता है जिसके अंतर्गत लोगों से अपील की जाती है कि वे राष्ट्रीय पर्वों स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर एक दुसरे को राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्रदान करें। मंच के संयोजक मुकेश शाह ने कहा कि हमारे देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों ने लंबे संघर्ष के बाद न केवल भारत देश को आज़ाद कराया बल्कि हमारी हिन्दी भाषा का भी गौरव लौटाया। इनके बलिदान व संघर्ष के कारण ही हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वो को मनाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। अब से चंद दिन बाद ही हम भारतवासी गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाएंगे। चूंकि इस दिन लोग एक दूसरे को बधाई संदेश देते हैं और अब सोशल मीडिया के दौर में प्रत्येक व्यक्ति सैकड़ों लोगों को बधाई संदेश प्रेषित करता है। तिरंगा वंदन मंच के संयोजक मुकेश शाह ने लोगों से अपील की है कि वे महान् क्रान्तिकारियों व राष्ट्रभाषा के सम्मान में आगामी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बधाई संदेश हिंदी में प्रदान कर हिंदी भाषा का गौरव बनाए रखें। मंच ने विभिन्न समाजों, सामाजिक - सांस्कृतिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों के सदस्यों, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों समेत सभी वर्गो से निवेदन किया है कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का बधाई संदेश हिंदी में प्रदान करें।

# किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश की नई EV6, नवाचारों की प्रेरक दुनिया का किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई EV6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ EV6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के ADAS 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ EV6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं: इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट (FCA): शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस (FCA): जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट (LFA): वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट: टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल EV9 से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी EV9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है। इस वाहन ने प्रतिष्ठित WCOTY 2024 (वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर) का खिताब जीतने के साथ ही अपनी जगह और मजबूत कर ली है। EV9 में 99.8 kWh की बैटरी लगाई गई है, जो एक बार चार्ज करने पर 561 किमी तक की रेंज देती है। यह इसे शहर के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्राओं के लिए भी उपयुक्त बनाती है। इसकी सुविधा बैटरी को केवल 24 मिनट में 10% से 80% तक चार्ज कर देती है, जब इसे 350 kW DC चार्जर से जोड़ा जाता है। किआ इंडिया ने ग्लोबल टेक्नोलॉजी, शानदार डिजाइन और टिकाऊ इंजीनियरिंग को अपने उत्पादों के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ा है। हाल ही में लॉन्च की गई किआ सिरोस इसका एक और उदाहरण है। भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 के पैवेलियन में किआ इंडिया ने इमर्सिव डिस्प्ले के जरिए ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के भविष्य और टिकाऊ परिवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यह किआ इंडिया की नवाचार और एक बेहतर ट्रांसपोर्ट इकोसिस्टम बनाने की सोच का समर्थन करता है।

## नक्सल पीड़ित परिवारों को बीस लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत



**नारायणपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार जिले के नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता राशि जारी किया गया है। नक्सल पीड़ित परिवार के 04 सदस्यों हेतु 05-05 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है, ग्राम मुरसुलनापा निवासी करवे पद्दा, श्रीमती जुरी पद्दा और ग्राम मरकाबेड़ा निवासी गिलूराम पद्दा को उनके परिवार के मृतक सुखराम पद्दा और चैतूराम पद्दा के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। ग्राम पंचायत मरकाबेड़ा, ग्राम पंचायत गोमे (ग्राम झारवार), ग्राम पंचायत आदनार के निवासियों को 04 जून 2024 को नक्सलियों द्वारा ग्राम से भगा दिया गया एवं 04 लोगों की हत्या किया गया था। पीड़ित परिवार के सदस्यों को अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई के द्वारा 05-05 लाख रूपये का चैक प्रदाय किया गया। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक संचालक तनुजा नाग उपस्थित थे।

**पाथ वे, पौधरोपण, सौंदर्यीकरण, साफ - सफाई, आमजनों के बैठने के लिए कुर्सीयों को दुरुस्त किया**

# नगर निगम उद्यानिकी विभाग ने रोहिणीपुरम तालाब गार्डन को निगम जोन 5 के सहयोग से सुन्दर जनपयोगी स्वरूप दिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग की समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सकारात्मक पहल पर उपायुक्त ( उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग ) डॉक्टर अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में उद्यानों को आमजनों के दैनिक उपयोग हेतु अधिकाधिक जनपयोगी बनाने कार्य निरन्तर तेज गति से प्रगति पर है. इस क्रम में नगर निगम उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग की पहल पर नगर निगम जोन क्रमांक 5 के उद्यान विभाग की टीम के सहयोग से निगम जोन 5 क्षेत्र में रोहिणीपुरम तालाब उद्यान को जनपयोगी बनाकर सुन्दर और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जा चुका है. पहले के अव्यवस्थित पाथ वे की आवश्यक मरम्मत और सुधार करवाकर उसे सुव्यवस्थित करवाकर पेंटिंग करवाकर सुन्दर स्वरूप दिया गया है. आमजनों के बैठने हेतु गार्डन चेयर को सुधारकर व्यवस्थित किया गया है. पौधरोपण, लान को सुन्दर तरीके से निखारा गया है,गार्डन की लाइटिंग को चुस्त - दुरुस्त कर दिया गया गया है और चारों ओर गार्डन में सुन्दर वाल पेंटिग की गयी है. इससे रोहिणीपुरम तालाब गार्डन की सुन्दरता में निखार आ गया है, जो आमजनों के मध्य आकर्षण का केन्द्र बन गया है.निगम जोन 5 क्षेत्र के तहत रोहिणीपुरम तालाब गार्डन को सुन्दर जनपयोगी स्वरूप देने के कार्य में नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्रप्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता टिकेन्द्र चंद्राकर, निगम उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग के उपअभियंता आशुतोष सिंह का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# छत्तीसगढ़ का भार प्रेषण केन्द्र देश में सर्वोत्तम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कर्नाटक राज्य के बेलगाम में आयोजित इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्युसर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 25 वें रेगुलेटरी एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (सीएसपीटीसीएल) को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए। जिन्हें राज्य पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह व्दारा प्रबंध निदेशक (ट्रांसको) राजेश कुमार शुक्ला को 15 जनवरी को प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त प्रमुख सचिव ऊर्जा सुबोध कुमार सिंह ने इस उपलब्धि के लिये पारेषण कंपनी के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई दी है। भारत के राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को मिलाकर कुल 35 राज्य भार प्रेषण केन्द्रों में से छत्तीसगढ़ के राज्य भार प्रेषण केन्द्र को आउटस्टेण्डिंग एचीवमेन्ट एवार्ड एवं द्वितीय इजीएस्ट एक्सेस टू ओपन एक्सेस संवर्ग में फर्स्ट रनर-अप का पुरस्कार प्राप्त हुआ है । इस पुरस्कार हेतु निर्धारित प्रपत्र में पिछले 5 वर्षों के ओपन एक्सेस आवेदनों की स्वीकृति से संबंधित डाटा जैसे कि कुल प्राप्त, स्वीकृत, निरस्त, लंबित एवं प्रकिया समय की जानकारी मांगी गई थी। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य बिन्दुओं जैसे एसएलडीसी प्रशासन एवं स्वशासन के वित्तीय लेखा-जोखा, 5 वर्षों के केपेक्स (CAPEX) प्लान, स्काडा संचार माध्यम आदि की जानकारी भी उपरोक्त प्रपत्र में चाही गई थी । केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग के अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद, पिछले 3 वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा नेशनल ओपन एक्सेस रजिस्ट्री (NOAR) पोर्टल के माध्यम से इन्टर स्टेट ओपन एक्सेस प्रोसीजर अपनाई गई है जिसके तहत अन्तराज्यीय ओपन एक्सेस पंजीकृत आवेदनों की स्वीकृति प्रक्रिया विभिन्न स्तरों जैसे एसएलडीसी, आरएलडीसी, एनएलडीसी में स्थिति पारदर्शिता पूर्वक प्रदर्शित की जाती है। इस समारोह में देश के केन्द्रीय एवं विभिन्न राज्य विद्युत नियामक आयोगों तथा विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों जैसे कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, एपटेल, सीईआरसी, भार प्रेषण केन्द्रों एवं राज्य उपक्रमों के साथ ही विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र को यह उपलब्धि आर.के. शुक्ला, प्रबंध निदेशक पारेषण कंपनी के कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है ।

# अधिकारी समय पर कार्यालय आएं, आमजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता से करें निराकरण : कलेक्टर

## समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय पर कार्यालय आने और आमजनों से संबंधित समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी एवं उठाव की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जीरो प्रतिशत शॉर्टेज का लक्ष्य हासिल करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखें, अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने जिले में अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने शराब कोचियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने कहा। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों, नेशनल हाइवे पर प्रगति, कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन, कॉल सेंटर में दर्ज प्रकरण सहित अन्य विभागीय गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी संजय यादव,अपर कलेक्टर जी. एल. यादव एवं मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### 26 और 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव ने आदेश जारी कर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 26 व 30 जनवरी को जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 (घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 (घघ कम्पोजिट) की फुटकर दुकानें, सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता), एफएल.-1 (ख-कम्पोजिट अहाता) तथा एफ एल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस को बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

# पांडातराई नगर पंचायत में दावेदारों की लंबी कतार, पार्टी को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com




निकाय चुनाव की तिथि का घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। स्थानीय चुनावों की बिगुल बज चुका हैं और आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर दिया गया है। आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही एक से बढ़कर एक दागी और अपराधिक प्रवृति के लोग भी समाज सेवक बनकर उभरते दिखाई दे रहे हैं। कुछ अवसर वादी लोग अपना राजनीतिक भविष्य को देखते हुए घर - घर में भाई भाई को चुनाव मैदान में उतरने के लिए उकसाया जा रहा है जबकि उन्हें इस तरह के कार्य से कोई वास्ता नहीं है। छुटभैया नेता अपने आकाओं को इनसे मिलवाने में भी सफल हो रहे है। कौड़ी भर के लोग जो खुद के वोट पाने की काबिलियत नहीं रखते वो भी आज ताल ठोकते दिखाई दे रहे है। छत्तीसगढ़ में मुख्यरूप से कांग्रेस और भाजपा ही दिखाई देते है। दोनो पार्टियों का पर्यवेक्षकों के समक्ष दर्जन भर लोगों ने दावेदारी किए हैं।

**अध्यक्ष ओ बी सी के लिए आरक्षित** -नगरीय निकाय चुनाव में पांडातराई अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गया है। नगर पंचायत में अन्य पिछड़ा वर्ग की मतदाताओं की बाहुल्यता के साथ सामान्य और अनुसूचित जाति की जनसंख्या भी पर्याप्त है । पिछड़ावर्ग के लिए आरक्षित होते ही बहुत से दावेदार किनारे हो गए । एक वोट नहीं पाने और दिलाने की हैसियत नहीं रखने वाले भी मजबूत दावेदार की दावेदारी करते दिखाई दे रहे थे लेकिन आरक्षण के चलते सबकी बोलती बंद हो गई है।

**पर्यवेक्षकों के सामने दर्जन भर दावेदार** -अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए पांडातराई में दावेदारों की लंबी कतार है कोई अपने पति तो कोई अपने परिवार के छवि को देखकर मैदान में उतरने वाली हैं तो कोई अपने खुद की छवि और कार्यशैली के आधार पर पार्टी से टिकट की जुगाड में लगे हुए है। कांग्रेस से मजबूत दावेदार के रूप में सविता पाटस्कर, सरोज जायसवाल और विद्या साहू के परिवार को लोग टिकट की दावेदारी कर रहे हैं लेकिन सबसे मजबूत दावेदार के रूप में सविता पाटस्कर है वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से पर्यवेक्षक के सामने दर्जन भर लोगों ने दावेदारी पेश किए है। अजय गिरी गोस्वामी, सहदेव साहू, गिरवर साहू, देवाराम साहू, राम कुमार सोनी, तुलसी मल्लाह, खैरझिटी (पुराना) निवासी और हाल ही में नगर पंचायत में मतदाता सूची में नाम जुड़ने के कारण दिलेश्वरी जायसवाल के नामो की चर्चा जोरो पर है।

# कोयला चोरों पर पुलिस की कार्यवाही, कोयला बोरी में भरकर मोटर सायकल से परिवहन करते पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 19.01.2025 के रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम साल्ही की ओर से काफी मात्रा में मोटर सायकल चालक के द्वारा अवैध रूप से कोयला परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामानुजनगर की पुलिस टीम ने ग्राम साल्ही चौक में घेराबंदी कर 1. सब्बीर पिता मो. सफीज उम्र 24 वर्ष ग्राम नारायणपुर 2. मोहित प्रजापति पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 25 वर्ष ग्राम नारायणपुर 3. हिफाजल पिता मो. हफीज उम्र 28 वर्ष ग्राम नारायणपुर 4. जलसाय पिता स्व. धरमसाय उम्र 30 वर्ष ग्राम पतरापाली 5. बाबुलाल पिता बलवंत सिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम पतरापाली 6. देवशंकर पिता स्व. जगन राम उम्र 32 वर्ष ग्राम पतरापाली 7. बोधन सिंह पिता मदन साय उम्र 35 वर्ष ग्राम पतरापाली को मोटर सायकल में बोरी में कोयला भरकर परिवहन करते पकड़ा जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-4)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर 14 बोरी कोयला एवं परिवहन में प्रयुक्त 7 नग मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू व उनकी टीम सक्रिय रही।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वर्चुअल रूप से सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

## मंत्री राजवाड़े के रायपुर प्रवास में होने के कारण वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित की

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com





ग्राम पंचायत केशर पंडोपारा विकास खंड ओड़गी में रामकेश पण्डो के घर से पंचायत भवन तक 269 मीटर सीसी रोड का भूमिपूजन केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा वर्चुअल रूप से भूमिपूजन किया गया। सरपंच रामपति सिंह व केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में संपन्न किया गया। मंत्री राजवाड़े के रायपुर प्रवास में होने के कारण वे वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत केशर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अगली पीढ़ी के मोबिलिटी समाधानों को किया पेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अगली पीढ़ी के मोबिलिटी समाधानों को किया पेश। 9 ग्लोबल मॉडल्स की शानदार लाइनअप के साथ हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन और आंतरिक दहन इंजन मॉडल सहित विविध पेशकश 9 वैश्विक मॉडलों की शानदार लाइनअप जिसमें IMz, IM{, MG HS, मॉडल M और MG 7 ट्रॉफी एडिशन शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव.फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने CASE (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया। ड्राइव-फ्यूचर सोच को एक नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन, प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन , बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन और आंतरिक दहन इंजन मॉडलों सहित विविध पावरट्रेन विकल्पों का प्रदर्शन किया।

# आबकारी विभाग ने छापामार कार्रवाई कर 0.640 किलोग्राम गांजा किया जब्त

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में टीम द्वारा पथरिया विकासखण्ड के ग्राम बावली में छापेमार कार्रवाई कर मुरलीधर कौशिक से 0.640 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### जिले में आचार संहित का असर देखने को मिलने लगा



**मुंगेली।** निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय चुनावों के तारीखो का ऐलान होने के साथ जिले में आचार संहित का असर देखने को मिलने लगा। पालिका परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनप्रतिनिधियो के बैनर पोस्टर नगर पालिका द्वारा निकालना शुरू हो गया।

# नगरी निकाय निर्वाचन के लिये जिले में आदर्श आचार सहिता लागू तहसीलदार लहरी ने किया सम्पत्ति विरूपण के लिये टीम का गठन

- सम्पत्ति विरूपण के तहत आर्दश आचार सहिता लगते ही देर शाम तक हटाये 25 छोटे बड़े बोर्ड

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत भिंभौरी क्षेत्र में लगे हुए बैनर पोस्टर को 20 जनवरी को निर्वाचन द्वारा नगरी निकाय निर्वाचन 2025 चुनाव के संबंध में आदर्श आचार सहिता एवं चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के निर्वाचन 2025 के लिये उमेश लहरी तहसीलदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को नगर पंचायत भिंभौरी सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के रोकथाम हेतु निगरानी समिति का गठन किया है। गठन उपरांत समिति के सदस्य आज आदर्श आचार सहिता लागू होते ही राजनैतिक दलों के छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाने तथा दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दिये। जिसके तहत आज पहले दिन देर शाम तक तहसील कार्यालय एवं नगर पंचायत से प्रारंभ कर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से 25 छोटे बड़े बोर्ड हटाये गये। सीएमओ द्विवेदी ने बताया कि नगरी निकाय 2025के तहत नगरी निकाय के नगर पंचायत सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण रोकथाम हेतु नगर पंचायत नोडल अधिकारी उप अभियंता लक्ष्मी कोठारी मो.नं.9907073889 को एवं सहायक के तौर पर रजऊ देवांगन मो.नं.9753118684 कुमार साहू मो.नं.6268195495 संकल्प शर्मा सहयोगी को दायित्व सौपा गया है। सीएमओ द्विवेदी ने बताया कि गठित समिति नगरी निकाय 2025 के तहत नगरी निकाय के राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करेंगे तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, उद्घाटन समारोह में योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों को दिया जीत का मंत्र



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम संडी में जय मां सिद्धि कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस आयोजन के भाजपा नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें ग्राम सरपंच सेवाराम साहू, सचिव राजकुमार साहू, लाभराम साहू, अरुण साहू, उत्तम साहू, शरद साहू, रवेंद्र साहू, कुंदन साहू, नेतराम साहू, तोरण साहू, गेंदराम साहू, सुभाष साहू, भोजराम साहू, महेंद्र यादव, फू लसिंह साहू, अर्जुन साहू, परमेश्वर साहू और बंकट निषाद शामिल। इन सभी ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई। प्रतियोगिता में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल के प्रति अपने उत्साह और समर्पण को दर्शाया। इस दौरान मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह समाज में एकता और सामूहिकता को बढ़ावा देने का भी एक सशक्त जरिया है। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति और जय मां सिद्धि कबड्डी क्लब ने सामूहिक प्रयासों से इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। अतिथियों ने इस तरह के आयोजनों को लगातार प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का धन्यवाद किया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

## थाना-चौकी के कार्यो का परफॉमेंश जाना, लंबित मामलों के निकाल में तेजी लाने दिए निर्देश

# डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने ली क्राइम मीटिंग

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com





जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों का क्राईम मीटिंग लिया, जिसमें थाना-चौकी के कार्यो, अपराध निकाल, प्रतिबंधात्मक व लघु अधिनियम व ऑपरेशन मुस्कान की समीक्षा कर परफारमेंश को जाना और लंबित अपराधों एवं शिकायत के निराकरण का ब्यौरा लेते हेतु निराकरण में और तेजी लाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का खौफ बनाए रखने सख्ती के साथ तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने, थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत और पुख्ता करने के निर्देश दिए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने टासकिंग पुलिसिंग पर जोर देते हुए प्रभारियों को कहा कि अपराध, शिकायत, सहित अन्य कार्यवाहियों को पूर्ण करने की समय सीमा खुद बनाए और उसे मजबूती के साथ पूरा करें इससे कार्यो में तेजी आयेगी और निकाल का प्रतिशत भी बढ़ेगा, सामाजिक बुराईयों, नशे व अवैध कारोबार पर सख्ती से पूर्णतः अंकुश लगाई जाए, दुघर्टना को पूरी तरीके से रोक पाना संभव नहीं है किन्तु एक्सीडेंट रोकने की दिशा में कार्यवाही एवं जागरूकता से कमी लाई जा सकती है इसके लिए बेहतर कार्य करें, शराब पीकर और ओव्हर स्पीडिंग कर यातायात नियमों की अनेदखी पर सख्ती से कार्यवाही करने, थाना प्रभारी खुद नागरिकों की समस्या शिकायत को सुने और निराकरण करें। जमीन संबंधी मामले की शिकायत पर फौरन कार्यवाही के साथ ही बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही कराने, स्थाई वारंट की तामीली में विशेष रूचि लेने के निर्देश दिए। उन्होंने आदतन अपराधियों का निगरानी व गुण्डा बदमाश हिस्ट्रीशीट खोलने, अपराधों की रोकथाम के लिए सतत पेट्रोलिंग व प्रभावी रात्रि गश्त करने एवं अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# जिले में 92,236 बच्चों को विटामिन ए और 97,662 बच्चों को आयरन सिरप पिलाने का रखा गया लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◂ कवधा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में शिशु संरक्षण माह का आयोजन जिले में 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। यह सत्र प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को निर्धारित स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मती अनुपमा तिवारी ने बताया कि 05 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बीमारियों में कमी लाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इसके तहत 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण और 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप प्रदान किया जाएगा। यह अभियान वर्ष में दो बार शिशु संरक्षण माह के माध्यम से संचालित किया जाता है। इस दौरान बच्चों की हिमोग्लोबिन जांच, ड्यू टीकाकरण, वजन माप, और गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में विशेष आहार दिया जाएगा। मती तिवारी ने बताया कि विटामिन ए सिरप वर्ष में दो बार, छः माह के अंतराल पर, बच्चों को दिया जाता है। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को 1 एमएल और एक वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को 2 एमएल सिरप सत्र स्थल पर पिलाई जाती है। आयरन सिरप बच्चों के पालकों को प्रदान की जाती है, जिसे सप्ताह में दो बार, 1-1 एमएल मात्रा में बच्चों को पिलाने की सलाह दी जाती है। इसकी निगरानी मितानिनों द्वारा की जाती है।

# छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों का समन्वित विकास जरूरी : सीएम विष्णुदेवसाय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। हमारी सरकार को अभी तेरह महीने ही हुए हैं। इस बीच हमने सुशासन के लिए, संवेदनशीलता के साथ, जनसेवा के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के साथ ही हम लोगों ने सभी वर्गों के विकास के साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया है। इससे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना का विकास, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि हुई है। हमारा पहला साल सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के विकास के लिए समर्पित रहा। प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'नगरीय विकास के सोपान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मुखिया प्रधानमंत्री से लेकर गांव के सरपंच तक विकास की सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि होंगे तो सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास होकर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि गांव और नगरीय क्षेत्र का समन्वित विकास होना चाहिए, इसके लिए मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। नगरीय निकायों में अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में लम्बे समय से मांग की जा रही थी। हमने संवेदनशीलता के साथ विचार कर इसके लिए नए पद भी स्वीकृत किए हैं। नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम में हम लोग आज 103 पदों पर अनुकंपा नियुक्ति का आदेश पत्र अभी वितरण किए हैं। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े और ज्यादा से ज्यादा युवा आत्मनिर्भर हों। हमारी सरकार ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और विभिन्न नगरीय निकायों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए 353 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न नगरीय निकायों में 155 करोड़ 38 लाख रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास और 15 करोड़ 25 लाख रुपए के 70 कार्यों का लोकार्पण अभी यहां पर हुआ है। 6 नगरीय निकायों तखतपुर, रतनपुर, भानुप्रतापुर, छुरिया, मल्हार ओर खोंगापानी में अमृत मिशन-2.0 के तहत 270 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास भी हम लोगों ने यहां पर किया है। इन नगरीय निकायों में 20 हजार 511 निजी नल कनेक्शन दिए जाएंगे। इससे हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प मूर्तरूप लेने वाला है। स्वच्छ भारत अभियान में सभी की सहभागिता से नगरीय क्षेत्रों में बड़ी सफलता मिल रही है। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए हम लोग समय-समय पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी कर रहे हैं। ऐसे ही मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत क्लीन टायलेट कैम्पेन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 14 नगरीय निकायों को आज हम लोग सम्मानित कर रहे हैं। अंबिकापुर, छुरा, छुरिया, डोंगरगढ़, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, मंदिर हसौद और चंदखुरी आदि नगरीय निकायों को आज पुरस्कृत किया जा रहा है। इन्हें सम्मानित करके हम खुद भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में स्वच्छता और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने में स्वच्छता दीदियों का बड़ा योगदान है।

# मेहनतकश किसानों को सक्षम बनाने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों का है महत्वपूर्ण योगदान : नेताम



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मेहनतकश किसानों को सक्षम बनाने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी का परिणाम है कि आज किसान उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों की उन्नति एवं समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार देश के अन्य राज्यों की तुलना में किसानों को धान का वाजिब मूल्य प्रदान कर उनका सम्मान बढ़ाया है। मंत्री नेताम आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वद्यालय के 39वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही।। इस मौके पर विश्वद्यालय द्वारा मंत्री रामविचार नेताम को राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए लॉइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही कृषि एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुलपति डॉ. गिरिश चन्देल, किसान नारायण भाई चावड़ा, शिक्षक बी.आर. चन्द्रवशी तथा डॉ. एम.एन श्रीवास्तव भी लॉइफ टाइम अचीमेंट पुरस्कार से सम्मानित हुए। मंत्री नेताम इस अवसर पर ''कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल'' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। कृषि मंत्री नेताम ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सहित देश के किसानों को कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में और कैसे सक्षम बनाया जाए इस दिशा में कृषि वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को सोचने की जरूरत है हमारी सरकार किसानों को सक्षम बनाने के लिए किसान हित में बहुत से फैसले लिए है। हमारी सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल तथा 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल के मान धान खरीद कर किसानों को देश में सर्वोच्च कीमत प्रदान कर रही है। वहीं किसानों को किए गये वायदों के मुताबिक लगभग 3800 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी प्रदान की गई है। इससे प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हुए है।

# गृहमंत्री के इशारे पर बर्खास्त महिला शिक्षकों के साथ पुलिस की बर्बरता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मरीन ड्राइव में धरना दे रहे बर्खास्त बीएड धारी महिला शिक्षकों के साथ गृह मंत्री विजय शर्मा के इशारे पर आधी रात को पुलिस ने बर्बरता किया। ये बेहद आपत्तिजनक एवं निंदनीय है। महिलाओं का हाथ, पैर पकड़कर जोर जबरदस्ती उन्हें सड़को पर घसीट गया। इस दौरान पुलिस के कुछ जवान नशे में झूम रहे थे, ये साफ-साफ वीडियो में दिख रहा है। जहाँ पर महिला शिक्षक समूह में बैठी दिख रही है उनके ऊपर पुलिस के जवान कूद रहे है। पुलिसिया बर्बरता के चलते कई महिलाओं को चोट आयी है, उनके कपड़े फट गये, कुछ महिलाएं बेहोश हो गई। भाजपा सरकार बर्खास्त महिलाओं शिक्षकों को पुलिसिया खौफ दिखा कर डराना चाहती है। लेकिन छत्तीसगढ़ की बेटियाँ डरेगी नहीं, कांग्रेस पार्टी बर्खास्त शिक्षकों को तत्काल वापस नौकरी देने की मांग करती है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार देश की पहली सरकार है जो नियमित रूप से नौकरी कर रहे लोगों को बर्खास्त की है। प्रदेश के सरकारी स्कूल में शिक्षकों की कमी है, 57 हजार से अधिक से अधिक पद रिक्त है सरकार चाहे तो इन बर्खास्त शिक्षकों को वहां पर नौकरी दे सकती है पर सरकार की मंशा नौकरी देने की नहीं बल्कि नौकरी छीनने की है।

# हमालों का 1.65 लाख रुपए भुगतान रुका, काम बंद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

असुलखार धान खरीदी केंद्र में काम कर रहे हमलों का मजदूरी भुगतान नहीं होने से नाराज हमलों में भानुप्रतापपुर अंतागढ़ मुख्य मार्ग में चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार व थाना प्रभारी अपने दल बलन के साथ पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के बाद मार्ग सुचारू रूप से शुरू हुआ।



असुलखार ख़रीदी केंद्र में 16 हमाल काम कर रहे हैं जिनका मजदूरी 1.65 लाख रुपए का भुगतान लंबित होने के चलते हमालों ने सोमवार को काम बंद कर दिया और किसानों ने स्टेट हाइवे क्रमांक 05 में चक्काजाम कर दिया। आननफानन में भानुप्रतापपुर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा और भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनके परेशानी सुने और तत्काल मजदूरी भुगतान कराया गया और धान खरीदी चालू कराया गया।

लैम्प्स अध्यक्ष से चर्चा कर वस्तुस्थिति जाना, अध्यक्ष ने बताया कि 20 हजार क्विंटल का पेमेंट गुरुवार शुक्रवार को होना था परंतु तकनीकी त्रुटि के वजह से पेमेंट नहीं हो पाया था। हमालों का मजदूरी भुगतान कर दिया गया। जिसके बाद हमालों ने काम शुरू किया।

# दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 2.93 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने दंतेवाड़ा जिले के अंतगर्त दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 2 करोड़ 93 लाख 26 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत इन योजनाओं में दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड-दंतेवाड़ा के चितालूर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ 47 लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह से विकासखंड गीदम के टेकनार जलाशय योजना के कार्यों के लिए एक करोड़ 46 लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजनाओं के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

# भालू का रेस्क्यू तीसरे दिन भी रहा जारी पर नहीं चल पाया पता

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



डोंगरकट्टा गांव में भालू का रेस्क्यू जारी है भालू के रेसक्यू के तीसरे दिन वन विभाग ने 10 किलो मीटर तक घने जंगल का खाक छान डाला लेकिन भालू का अता पता नहीं चल पाया। वहीं डोंगरकट्टा गांव में भालू की दहशत जारी है ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में खौफ खा रहे हैं। इधर वन विभाग भालू को पकड़ने के लिए नये-नये हथकंडे अपना रहा है फिर भी कामयाबी हासिल नहीं हो रही है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भालू की जानकारी प्राप्त करने के लिए ड्रोन कैमरे और बढ़ाए गए हैं साथ ही वन विभाग द्वारा 1100 वाट का करंट वाली डंडा लेकर चल रहे हैं। अपनी सुरक्षा के लिए सुरक्षा कवच वाली जैकेट भी पहने हुए हैं। लगातार वन विभाग की टीम अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़कर जंगलों की छान मार रहे हैं। सोमवार को पूरा दिन घने जंगलों का घेराव कर भालू को खोजने का प्रयास किया 10 किलोमीटर घने जंगल को चारों ओर से छान मार डाला लेकिन अब तक भालू का पता नहीं चल पाया है।

**डंडा इस तरह से करेगा वनकर्मी अपनी सुरक्षा -** वनकर्मी करंट का झटका देने वाला डंडे को लेकर भालू की खोजबीन कर रहे हैं। जैसे ही करंट का झटका भालू को लगेगा डर जाएगा और उसे नुकसान नहीं होगा इससे केवल झटके लगेंगे। इस झटके से ना वह बेहोश होगा, ना उसे किसी तरह की परेशानी होगी, लेकिन वह करंट लगने के बाद इस छड़ी से दूर जाने का प्रयास जरूर करेगा। जिससे वन कर्मियों को अपनी सुरक्षा करने में मदद मिलेगी।

**क्यों हिंसक हो गए भालू ?**

वन विभाग कोरर के प्रभारी रेंजर मनीष जैन बताया जनवरी से मार्च तक भालुओं का प्रजनन काल जनवरी से मार्च तक भालुओं का प्रजनन काल होता है. प्रजनन के लिए भालू सुरक्षित गुफा की तलाश करते हैं और उसी में बच्चों को जन्म देते हैं। यह भालुओं का प्रजनन काल है भालू के मांद जिस इलाके में होते हैं उसी इलाके में हमले होते हैं खुद को असुरक्षित महसूस करने पर भालू हमला करता है। वैसे लोग जो जंगली उत्पाद पर निर्भर हैं उन्हें फिलहाल सावधान रहने की जरूरत है भालू कभी मनुष्य पर या अन्य जीव पर भोजन के लिए हमला नहीं करता है। खतरा महसूस होने पर वह बुरी तरह मनुष्य को चीर-फाड़ देता है या फिर भालू मानसिक रूप से बीमार होने पर हमला करता है।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बालको संयंत्र में लगाया फूड वैन






पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

बालको, उन्नति परियोजना के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं ने संयंत्र परिसर के अंदर फूड वैन लगाया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर फूड वैन का उद्घाटन किया। वैन पर स्नैक्स, मैगी सैंडविच, पोटैटो फ्राई, रोल्स, बिरयानी, शेक और कोल्ड कॉफी इत्यादि उपलब्ध है जो सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 4 बजे तक खुला रहेगा। कर्मचारी भी घर के स्वाद का अनुभव पाएंगे। फूड वैन एसएचजी की चार महिलाएं मिलकर संचालित कर रही हैं।

वर्तमान में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्नैक्स, हस्तनिर्मित चॉकलेट, आउटडोर कैटरिंग सेवा, कुकीज, अचार, पापड़, बड़ी, पपची, खाजा, ठेठरी और केक के साथ टिफिन सेवाएं प्रदान कर रहा है। परियोजना के जरिए महिलाओं को विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में सहायक बना।

प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है। 500 से अधिक एसएचजी, जिनमें 5,800 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल से लाभान्वित हो रही हैं। परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में सहायक बना। परियोजना को वर्तमान में जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सॉल्यूशंस के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जो सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403